


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 6 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-219 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



पंजा का बटन दबाएंगे
कांग्रेस को जिताएंगे



भरोसे का
घोषणा-पत्र
2023-28



वादा है, फिर निभाएंगे

किसानों का कर्ज माफ
पहले की तरह इस बार भी होगा किसानों का कर्ज माफ

अब धान का मिलेगा 3200 रु प्रति क्विंटल

20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी

₹500
गैस सिलेंडर पर 500 रुपए मिलेगी सब्सिडी

बिजली फ्री
200 यूनिट बिजली फ्री

KG से PG
सभी सरकारी स्कूलों/कॉलेजों में KG से लेकर PG तक शिक्षा मुफ्त

17.5 लाख परिवारों को आवास
17.5 लाख गरीब परिवारों को हम आवास देंगे

तेंदूपत्ता बोनस
तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु और 4000 रु सालाना बोनस भी

महिला स्व-सहायता समूह ऋण माफी
स्व-सहायता समूह का भी होगा कर्जा माफ

10 लाख तक मुफ्त इलाज
अब 10 लाख रुपए तक का मिलेगा मुफ्त इलाज

सभी सरकारी स्कूल स्वामी आत्मानंद में अपग्रेड
अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल

लघु वनोपज
लघु वनोपजों की MSP पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो

10,000 रु
भूमिहीनों को मिलेंगे 10,000 रु प्रतिवर्ष

युवाओं को उद्योग व्यवसाय ऋण में 50% की सब्सिडी

700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्क
700 नए RIPA का होगा निर्माण

समर्थन मूल्य पर तिवरा खरीदी
तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा

जातिगत जनगणना
जातिगत जनगणना करवाएंगे

दुर्घटना इलाज
दुर्घटना होने पर मुफ्त इलाज

परिवहन व्यवसाय कर्ज माफी
परिवहन व्यवसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ

अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध राज्य सरकार करेगी

भरोसा बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार



भरोसा बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

## एक नजर

### एसएसपी ने आरक्षक को किया निलंबित

**भिलाई, 6 नवंबर।** भिलाई दुर्ग एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने सुपेला थाने में पदस्थ आरक्षक को निलंबित कर दिया है। आरक्षक भीम सिंह यादव को प्रवर्तन निदेशालय रायपुर ने गिरफ्तार किये जाने के पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत आरक्षक को निलंबित किया गया है। सूत्रों के अनुसार भीम सिंह पर दुबई में सटोरियों की हुई सेक्सस पार्टी में शामिल होने और सटोरियों का साथ देने का आरोप है।

गौरतलब हो कि ईडी की टीम ने गुरुवार को हाउसिंग बोर्ड जामुल में ड्राइवर असीम दास के घर छापा मारा था। इस दौरान ईडी को असीम दास के घर के अंदर दीवान और आलमारी व वॉशरुम के कमोड से करीब 5.39 करोड़ रुपए कैश मिले थे इससे पहले ईडी ने असीम को रायपुर के एक होटल से गिरफ्तार किया था और आरोपी से मिले इनपुट के बाद ईडी ने असीम के घर से यह रकम बरामद की थी इसी कड़ी में महादेव आनलाइन सट्टा ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय( ईडी ) ने पुलिस आरक्षक भीम सिंह यादव और ड्राइवर असीम दास को गिरफ्तार कर लिया था।

### भिलाई शहर में रुक नहीं रही चोरी

**भिलाई, 6 नवंबर।** भिलाई शहर के भीतर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन शहर के लोगों का छोटा-बड़ा सामान चोरी की भेंट चढ़ रहा है सुपेला पुलिस ने बताया कि कसारीडीह पंचमुखी हनुमान मदिर के पास दुर्ग निवासी भोज कुमार डहरे (25 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 अक्टूबर की शाम 7 बजे होंडा साइन से नेहरुनगर सुपेला गार्डन में अपनी गाड़ी को खड़ी कर साथी से मिलने पहुंचा। वापस लौटा तो देखा कि मोटर साइकिल गायब थी। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। वहीं दूसरे मामले में भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-4 निवासी एन.चन्द्रशेखर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 24 अक्टूबर को सेक्टर-2 दशहरा मैदान दशहरा दिखाने मोटर साइकिल से परिवार के साथ गया था रोड पर खड़ी कर चला गया। वापस लौटने पर मोटर साइकिल गायब मिली कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### डी-मार्ट में महिला का पर्स चोरी

**भिलाई, 6 नवंबर।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र एक महिला परिवार के साथ खरीदी करने डी-मार्ट गई,जहां पर काउंटर में रखे पर्स को अज्ञात ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि मैत्रीनगर रिसाली निवासी कांता माहेश्वरी 24 अक्टूबर को अपने परिवार के साथ खरीदी करने डी-मार्ट गई थी। खरीदी के दौरान पर्स को काउंटर पर रखकर सामान देखने लगी उसी दौरान पर्स में रखे 23 हजार रुपए को पर्स से निकालकर अज्ञात ने चोरी कर लिया पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया:अरुण साव

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू ने सभा मे क्षेत्रवासियों के चरण स्पर्श करते हुए नमन करते हुए कहा कि खुज्जी विधानसभा 10 साल से कांग्रेस के पूर्व विधायक भोलाराम साहू की कोई बड़ी उपलब्धि इस क्षेत्र में नहीं है। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े निष्क्रिय विधायक हैं कांग्रेस विधायक। उन्होंने आगे कहा की खु'जी विधानसभा 15 वर्षो से पीछे चल रही है। खु'जी विधानसभा में ×49 गांव है सभी गांव में जाने का सौभाग्य मिला खु'जी की विधानसभा सबसे 'यादा पिछड चुकी है ।इस बार हम सभी को परिवर्तन करना है क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी को परिवर्तन करना है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने संकल्प पत्र में महिलाओं को हर साल 12000 रुपए देगी। हर वर्ग को लेकर भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है हर परिवार खुशहाल होगा उन्होंने 7 नवंबर को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर विजय श्री बनाने का निवेदन किया।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जी ने जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव छत्तीसगढ़ को बचाने का चुनाव है। छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बादी की ओर ले जाने का काम कर रही है। भूपेश बघेल सरकार ने पिछले चुनाव में बड़ा-बड़ा वादा किया था,जिसमें से एक भी वादा को भूपेश बघेल सरकार ने पूरा नहीं किया है। शराबबंदी नहीं हुआ है, 10 लाख युवाओं को रोजगार नहीं मिला, दो सौ फूड प्रोसेसिंग पार्क, चार मुफ्त गैस सिलेंडर देने का वादा वह भी पूरा नहीं हुआ है और 2 साल किसानों का धान बोनस बोनस वह भी अधूरा है । छत्तीसगढ़ के जनता को केवल ठगने का काम किया है, जो 5 साल में एक भी प्राइमरी स्कूल क्नहीं खुला है।सड़क के गढ़्ढा को नहीं पाठ सका है और नया सड़क बनाना तो बहुत दूर की बात है ।बिजली बिल हाफ का वादा किया था बिजली ही आधा समय आने लगी।भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटने का काम किया है। गांव गांव गली गली दारू बेचने का काम किया है और जुआ सट्टा में करोड़ छत्तीसगढ़ के नौजवानों को बर्बाद करने का काम किया है।उन्होंने आगे कहा कि गरीब के प्रधानमंत्री आवास के लिए उनके पास पैसा नहीं है, भूपेश बघेल गरीब के साथ अन्याय करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाओ हम लोग 18 लाख परिवारों का आवास बना कर देंगे। कांग्रेस पार्टी कभी गरीबों के लिए काम नहीं करती है गरीब के शोषण और गरीब को लूटने का काम कांग्रेस सरकार करती है।

# देवेंद्र ने निकाली विश्वास यात्रा, जनता ने जताया विश्वास



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 नवंबर।** भिलाई नगर विधायक और भिलाई नगर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव ने खुर्सीपार वार्ड 47 और छावनी वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव वार्ड में विश्वास यात्रा निकाली। जहां उनकी यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। बड़े बुजुर्ग, माताएं-बहनें और हजारों की संख्या में युवा व बच्चे भी शामिल हुए। कई जगह पर विधायक का लोगों ने स्वागत किया। पुष्प अर्पित किए । इस दौरान वार्ड में माताओं ने विधायक श्री यादव की आरती उतार कर उन्हें विजय तिलक लगाकर चुनाव जीतने का आशीर्वाद दिया। वहीं दूसरी ओर वार्ड की बहनों ने अपने विधायक भाई श्री यादव के हाथ में रक्षा सूत्र बांध और उनके जीत का पूरा विश्वास दिलाया। यादव ने माताओं और बड़ी बहनों को प्रमाण कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान वार्ड की माताओं और बहनों ने ही कहा कि आप ने हम महिलाओं के हित और विकास केलिए जो काम किया है। उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। आप ने महिलाओं को महिला समूह के माध्यम से स्व रोजगार देकर सशक्त बनाया, आत्मनिर्भर बनाया। अभी खुर्सीपार में प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा गार्मेंट फैक्ट्री खोल रहे हैं। जहां सैकड़ों महिलाओं को रोजगार मिलेगा। हर परिवार की महिला मुखिया के नाम से हर परिवार का राशन कार्ड बनवाया। पानी के लिए बड़ी समस्या थी। बड़े-बड़े पानी टंकी बिछाकर घर -घर पानी पहुंचाया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए खुर्सीपार जैसे वार्ड में जहां लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलती थी, वहां सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। कानून व्यवस्था को मजबूत किए है। बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए हाईटेक लाइब्रेरी खोल दिए। खेल मैदान, उद्यान, तालाबों का सौंदर्यीकरण, सड़क, नाली, बिजली आदि सभी सुविधाएं दिए है। महिलाओं ने कहा कि आप ने हमारे लिए इतना सब किया है तो हम सब महिलाएं भी आप के साथ है और हमें हमारे भाई हमारा बेटा देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास है। खुर्सीपार, छावनी की जनता के हित और विकास के लिए, बच्चों के बेहतर कॅरियर, महिलाओं के सम्मान के लिए कांग्रेस को ही वोट देंगे और देवेंद्र यादव को ही दोबारा अपने क्षेत्र का विधायक बनाएंगे।

### रेखराम बंछोर ने बीजेपी प्रत्याशी के लिए किया जनसंपर्क



**जामुल।** जिला भिलाई भाजपा उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद रेखराम बंछोर एवं भाजपा युवा मोर्चा जामुल मंडल के नेतृत्व में भाजपा अहिवारा विधानसभा प्रत्याशी राज महंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के समर्थन में घर-घर सघन जनसंपर्क किया गया। जिसमे मुख्य रूप से प्रशांत बंटी गुप्ता, नूतन वर्मा, ओमप्रकाश साहू, मेघनाथ साहू, लतेल राम, दीपक सिंह, गंगाधर देशलहरे, अरुण यादव एवं भाजयुमो अध्यक्ष सोनू यादव, भाजयुमो महामंत्री विक्की बंछोर, अनूप राय, उपाध्यक्ष ऋषभ बंछोर, किशन गर्ग, प्रीमेख सिंह गौतम, भाजयुमो मंत्री पीयूष चौहान, विमल ठाकुर, यशवंत साहू, मनहरण सार्वा, नीलकंठ निर्मलकर एवं महिला मोर्चा के रश्मि वर्मा, संगीता निषाद आदि एवं भाजपा कार्यकर्ता गण मुख्य रूप से शामिल हुए ।



### नितेश साहू ने किया पीएम का स्वागत

**भिलाई।** प्रदेश युवा मोर्चा की ओर से हेली पेड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत प्रदेश पदाधिकारी नितेश साहू ने किया देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लगातार चल रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश दौरे के दौरान दुर्ग आगमान हुआ दुर्ग के चुनावी आम सभा को संबोधित करने आए प्रधान मंत्री का स्वागत प्रदेश युवा मोर्चा की ओर से युवा मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू ने उनका हेली पैड पर स्वागत किया साथ ही युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित माहेश्वरी सह कोषाध्यक्ष शुभम दुबे उपस्थित रहें ।

# मुकेश चन्द्राकर से लोगों ने 15 साल से विकास न होने की शिकायत की



भिलाई, 6 नवंबर। वैशाली नगर विधान सभा के कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर का जनसंपर्क अभियान का पहला चरण वार्ड 18 के वैशाली नगर केंद्रीय कार्यालय से प्रारंभ होकर शास्त्री नगर से होते हुए परदेशी चौक, बोरा लाइन, स्पर्श हॉस्पिटल से आनंद चौक बजरंग चौक, बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की और वहां से आमोद भवन पर समाप्त हुआ। जनसंपर्क यात्रा के दौरान लोगों से सीधे वार्ता किए और उनके द्वार दिये गये सुझाव को सुने और मुख्यमंत्री द्वारा किये गये घोषणाओं को भी लोगों को अवगत कराया। वैशाली नगर विधानसभा के कांग्रेस के प्रतिनिधि मुकेश चंद्राकर की आज का दिन जन संपर्क यात्रा वार्ड-17 के 5 रास्ता हनुमान मंदिर से प्रारंभ होते हुए गांधी चौक, सुभाष चौक, शिव मंदिर के रास्ते आनंद चौक होते हुए कर्मा विद्यालय से नेहरू भवन के सामने से हार्डवेयर लाइन होते हनुमान मंदिर पर संपूर्ण हुआ। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह नजर आया और समस्याओं को उनके सामने रखा जो बीते 15 सालो से वैशाली नगर विधान सभा में हुआ उस पर भी लोगों ने चर्चा किया और प्रत्याशी ने लोगों को आश्वस्त किया कि वो अगर इस बार चुन के आते हैं तो वैशाली नगर के सारे समस्याओं को दूर कर देंगे जैसे कि अपने घोषणा पत्र में बताया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के नेता बृजमोहन सिंह विनोद यादव, बंटू शर्मा, अशरफ खान, राधेकांत मिश्रा, संजय चापके, कन्हैया यादव, हीराशंकर साहू, धनंजय सिंह, रामसिया गुप्ता, रामायण साव, अमरजीत गोरे,लाल चंद्रवंशी अनिल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, श्रीमती मंजू, टिकेश्वरी वर्मा,रजनी वर्मा, धन्नवंत्री वर्मा, अनमोल, अजीत, युवराज सिंह और आदि थे।



### विकास का कमल हमेशा खिलेगाः कोर्सेवाड़ा

भिलाई, 6 नवंबर। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा के तारतम्य में रविवार को बीजेपी प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने भिलाई 3 में वसुंधरा नगर, पदुम नगर, पंचशील नगर,ड्रिमसिटी के परिवारजनो से मुलाकात कर सुभाशीष प्राप्त किया।

वार्ड क्रमांक 30 के सभी हमारे मतदाता 17 तारीख के इंतजार में है कब 17 तारीख आए और कमल का बटन दबाकर विकास का कमल खिलाएं। यह उमंग और उत्साह भाजपा परिवार के विश्वास के साथ जीत का प्रमाण है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता साथी, वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिकजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बीएसपी ने कई कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदाने के लिए किया जागरूक

**भिलाई, 6 नवंबर।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 और 17 नवम्बर को मतदान करने को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियों की इस श्रृंखला में 5 नवंबर, 2023 को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर -7 के पोलिंग बूथ में सुबह 10.30 बजे से स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले, महाप्रबंधक प्रभारी विजय शर्मा, महाप्रबंधक सुश्री सीमा मैथ्यू, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर, महाप्रबंधक के के यादव, उप महाप्रबंधक विकास चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रमदान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा स्वच्छता और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की शपथ ली। स्वच्छता और मतदान करने की शपथ



सहायक महाप्रबंधक तुषार रायचौधरी ने दिलवाई। श्रमदान अभियान में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी विभागों के सदस्य, नागरिक, खिलाड़ी और हमारे शहर भिलाई को स्वच्छ रखने वाले स्वच्छता वीरों ने भाग लिया। इसी कड़ी में 6 नवम्बर को सिविक सेंटर के पास रेल चौक में शाम 4.30 बजे मानव श्रृंखला का भिलाई इस्पात संयंत्र ने आयोजन किया हैं। इसमें संयंत्र बिरादरी के सदस्य, नागरिक, खिलाड़ी, संयंत्र के कार्मिक और अधिकारी, ठेका श्रमिक भाग लेंगे। साथ ही 7.30 बजे से पायनियर मॉन्यूमेंट में नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है।

### 37वीं राष्टीय खेल में छत्तीसगढ़ की टीमों का शानदार प्रदर्शन



**भिलाई, 6 नवंबर।** 37वीं राष्टीय खेल का आयोजन राज्य शासन गोवा के द्वारा गोवा में 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्टीय खेल में छत्तीसगढ़ राज्य की इंडोर हैंडबॉल पुरुष वर्ग एवं बीच हैंडबॉल की महिला वर्ग की टीम ने भाग लेने की पात्रता हासिल की है। इंडोर हैंडबॉल खेल आयोजन मनोहर परिकर इंडोर स्टेडियम, मडगाव में 4 से 8 नवंबर तक तथा बीच हैंडबॉल खेल का आयोजन मीरामार बीच, पणजी, गोवा में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। 5 नवंबर 2023 को बीच महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का लीग मैच में पहला मुकाबला दिल्ली के साथ खेला गया। छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 17 - 07 से जीता । दूसरे सेट में काँटे की टक्कर में दिल्ली से 9 -11 गोल से पराजित हुई। मैच का फैसला फ़ास्ट ब्रेक पेनल्टी शूट आउट के द्वारा किया गया जिसमे छत्तीसगढ़ महिला बीच हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को 5 -1 से पराजित किया। छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबॉल टीम का दूसरा मुकाबला कल दिनांक 06 नवंबर 2023 को हरियाणा के साथ खेला जायेगा। इंडोर हैंडबॉल पुरुष टीम ने अपना दूसरा मैच 20-26 गोल से पराजित हुई। छत्तीसगढ़ महिला बीच हैंडबॉल टीम में भाविका रामटेके, कंचन महानंद, प्रीति साहू, मोहिका , दिल्ना जॉर्ज, आरती यादव, प्रिया, सोनिया, प्रिय तिवारी, हेमकल्याणी, प्रशिक्षक - श्रीमती अमिता मोहपात्रा, प्रशिक्षक राजेश कुमार सरकार, प्रबंधक कु. अनुजा दुबे एवं डी. सुरेश क्रिस्टोफर शामिल है।

### 659 बालिकाओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र 2023-24 में राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा महासमुंद द्वारा जिले के चयनितों 659 शासकीय उच्च प्राथमिक एवं हाई, हायर सेकंडरी विद्यालयों में बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से 90 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण जिले के अनुभवी महिला एवं पुरुष प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए जोर दिया जा रहा है।

ताकि, समय आने पर स्वयं की रक्षा व समाज में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना सके।सरायपाली विकासखंड के बलोदा में विगत कई वर्षों से सेवा देते आ रहे कराटे मास्टर हेमराज साहू ने बताया कि जिले में लगभग 52720 बालिकाएं कराते आत्मरक्षा के क्षेत्र में दक्ष हो रहे है, जो कि हमारे जिले के लिए गर्व की बात है। आत्मरक्षा के सामान्य पैतरे पंच चलानार किक चलाना, पुश करना, ब्लॉक करना, एल्बो अटैक, आई कित्ते सहित विभिन्न आत्मरक्षा के पैतरे सिखाया जा रहा है। यह योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत नारी शक्ति को सशक्त एवं आत्मनिर्भर और प्रबल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। विकासखंड सरायपाली के बलोदा स्कूल सहित सभी विद्यालयों में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 90 दिन जनवरी माह तक चलेगा। इस बीच अभिमन्यु षडंगी प्राचार्य शाउमावि बलोदा, विवेक बारिक, रेशमलाल सिदार, सविता तिवारी, ब्रजकिशोर प्रेमी, मनोज बारिक, निरूपति पटेल, मनोज साहू , गुलाब दास, इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

# मतदान दलों को सामग्री वितरण शुरू,मतदान 7 नवम्बर को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,6 नवंबर।** लोकतंत्र के महापर्व में छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण में 07 नवम्बर को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72 कवर्धा के 804 मतदान केन्द्रों के लिए कृषि उपज मंडी बिलासपुर रोड़ कवर्धा में सामग्री वितरण किया जा रहा है। मतदान का समय सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित है। इन दोनो विधानसभा क्षेत्रों के लिए 804 मतदान दल का गठन किया गया है। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपनेङ्कअपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त कर रहे है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अजय कुमार गुप्ता, पुलिस प्रेक्षक श्री राजेश खुराना, कलेक्टर एवम् जिला दंडाधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने मतदान वितरण कार्यों और व्यवस्था का जायजा लिया। पंडरिया और कवर्धा विधनसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी एवम् प्रतिनिधि की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके बाद मतदान दल को सामग्री का वितरण प्रारंभ किया गया। सभी कार्यो का वीडियोग्राफी कराई गई है। मतदान सामग्री



वितरण के लिए कुल 20 काउंटर बनाए गए है। विधानसभा पंडरिया के लिए 10 काउंटर और कवर्धा के लिए 10 काउंटर बनाए गए है। विधानसभा पंडरिया के लिए 1 काउंटर से 10 मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जा रहा है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक काउंटर में 21 मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जा रहा है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए 393 मतदान दल का गठन किया गया है। साथ ही 98 मतदान दल को रिजर्व रखा गया है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 411 मतदान दल का गठन किया गया है। साथ ही 103 मतदान दल को रिजर्व रखा गया है। दोनो विधानसभा क्षेत्र के लिए 11 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए है। इसमें विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के लिए 8 और विधानसभा क्षेत्र पंडरिया के लिए 3 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए है।दोनो विधानसभा क्षेत्र के 804 मतदान दलों के मतदान केंद्र पहुंचने के लिए 187 रूट बनाए गए है। पंडरिया के 393 मतदान दल के लिए 90 रूट और कवर्धा के 411 मतदान दल के लिए 97 रूट बनाए गए है। जिले में कुल 804 मतदान केंद्र है। इन मतदान केंद्रों में 20 मतदान केंद्र को संगवारी मतदान केंद्र है। इसमें पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी होंगे। दोंनो विधानसभा क्षेत्र में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाए गए है। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे। इसी प्रकार युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में सभी युवा अधिकारी होंगे। कबीरधाम जिले में 02 विधानसभा क्षेत्र है क्रमशः विधानसभा-71 पंडरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा है। जिले में 804 मतदान केन्द्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 47 हजार 549 है। इसमें 3 लाख 22 हजार 336 पुरूष मतदाता, 3 लाख 25 हजार 210 महिला मतदाता और 03 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 5 हजार 543 दिव्यांग मतदाता, 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता 30 हजार 390 और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 5 हजार 576 है। जिले में जेंडर रेसियों 1008.92 है। विधानसभा 71 पंडरिया में 393 मतदान केन्द्र में 01 लाख 57 हजार 649 पुरूष मतदाता, 01 लाख 58 हजार 493 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर शून्य है। इस प्रकार कुल 03 लाख 16 हजार 142 मतदाता हैं। इसमें 3 हजार 102 दिव्यांग मतदाता, 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता 14 हजार 588 और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 3223 है। जेंडर रेसियों 1005.35 है। इसी प्रकार विधानसभा 72 कवर्धा में 411 मतदान केन्द्र में 01 लाख 64 हजार 687 पुरूष मतदाता, 01 लाख 66 हजार 717 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर 03 है। इस प्रकार कुल 03 लाख 31 हजार 407 मतदाता हैं। इसमें 2 हजार 441 दिव्यांग मतदाता, 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता 15 हजार 802 और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 353 है। जेंडर रेसियों 1012.33 है।

### शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की विभागीय परीक्षा 29 जनवरी से

**दुर्ग, 6 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए (जिनके लिए विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हो) विभागीय परीक्षा का आयोजन 29 जनवरी से 05 फरवरी 2024 तक किया गया है।आयुक्त दुर्ग द्वारा जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को इस परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी-कर्मचारियों से आवेदन प्राप्त कर नाम, पदनाम एवं कार्यालय का नाम प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु इच्छुक अधिकारियों व कर्मचारियों (राजस्व निरीक्षक/पटवारी को छोड़कर) का आवेदन पत्र विषयवार प्राप्त कर परीक्षण उपरांत 29 दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से जमा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु इच्छुक आवेदकों के विषयवार प्रश्न पत्रों की मांग छत्तीसगढ़ शासन गृह सी विभाग (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) मंत्रालय महानदी नवा रायपुर अटल नगर से किया जा सके।

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 6 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-219 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.






पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग सामग्रियां देकर मतदान दलों को रवाना किया गया।

### पहले चरण के लिए 7 को मतदान

## चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल व बीएसएफ तैनात

**कांकेर,6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कल 7 नवंबर को पहले चरण का मतदान होना है, इन 20 सीटों पर रविवार शाम चुनाव प्रचार का शोर थम गया और अब उम्मीदवार मतदाताओं के घर-घर जाकर संपर्क कर रहे है, वहीं चुनाव की तैयारियों में निर्वाचन आयोग जुटा हुआ है। बस्तर संभाग छत्तीसगढ़ का ऐसा संभाग है लगातार नक्सल गतिविधिया देखने को मिलती है, वहीं कांकेर जिले में तीन विधानसभाएं आती है, यह अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। इन इलाकों में नक्सलियों ने चुनाव का बहिस्कार भी किया है, और मतदान कर्मियों को चेतावनी भी दी थी। वहीं अब कांकेर जिले के अन्तागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्र-79 के सभी मतदान दल पखांजुर मुख्यालय से अपनी अपनी मतदान दल केंद्र के लिए कड़ी सुरक्षा के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बीच केंद्र मतदान में पहुंच चुके है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल एवं बीएसएफ के जवान तैनात है। इसके साथ ही अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। पहले दौर की 20 सीटों पर 223 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर लगी है, जिसमें 198 पुरुष और 25 महिला प्रत्याशी मैदान में हैं. पहले चरण का चुनाव नक्सल प्रभावित वाले बस्तर और दुर्ग जैसे इलाके की सीटों पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की अग्निपरीक्षा होनी है।

**ड्रोन से की जा कड़ी निगरानी**

### कांकेर, बस्तर में हेलीकाप्टर से रवाना किए गए मतदान दल

**रायपुर, 6 नवम्बर मुख्य नगर संवाददाता।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 20 विस क्षेत्रों में 7 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए 11 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को चाक-चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सभी जिलों में मतदान की प्रक्रिया का वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। कांकेर जिले में 8 दलों व बस्तर के सुकमा, नारायणपुर, कोंटा विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों को हेलीकाप्टर से रवाना कर दिया गया है। नक्सलवादियों की धमकी को देखते हुए पुलिस की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। बस्तर के अंतर्गत आने वाले 12 विस क्षेत्रों में प्रातः सात से तीन तथा राजनांदगांव, मानपुर मोहला में 8 से 5 बजे तक मतदान होगा।

**कांकेर जिले में 365 वेबकास्टिंग केंद्र**-कांकेर जिले के अंतर्गत भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ तथा कांकेर विस क्षेत्र आते हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार यहां पर 364 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 285 तथा अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 64 है।

# गवर्नरों को जनता नहीं चुनती समय पर फैसले क्यों नहीं हो रहे

### बिलों के लटकने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली,6 नवंबर।** पंजाब सरकार के 7 बिलों को अटका कर रखने के आरोपों में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तल्ख टिप्पणी करते हुए गवर्नर से जवाब मांगा। अदालत ने कहा कि शुक्रवार तक आप बताएं की सरकार की ओर से दिए गए 7 विधेयकों पर अब तक आपने क्या ऐक्शन लिया है। इसके साथ ही चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि गवर्नरों को सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने के बाद ही काम शुरू नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार और राज्यपालों को अपने विवाद आपसी चर्चा से ही निपटा लेने चाहिए। इसके अलावा बेंच ने कहा कि गवर्नरों को भले ही विधेयकों को वापस करने का अधिकार है, लेकिन वे उसे अटका कर नहीं बैठ सकते। बेंच ने कहा कि गवर्नर चुनी हुई सरकार जैसे नहीं हैं और उन्हें समय पर बिलों को मंजूरी देने या फिर वापस लौटाने पर फैसला लेना चाहिए। दरअसल पंजाब की आप सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें उसने गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित पर आरोप लगाया है कि वह 7 विधेयकों पर फैसला नहीं ले रहे हैं, जो उन्हें मंजूरी के लिए भेजे गए थे। पंजाब सरकार ने कहा कि 4 विधेयक जून में भेजे गए थे, जबकि तीन मनी बिलों को सदन में लाने से पहले ही भेजा गया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा, सभी गवर्नरों को इस पर विचार करना चाहिए। वे चुने हुए लोग नहीं होते। यहां तक कि मनी बिलों को रोकने के लिए तो एक समयसीमा है। आखिर सरकारों को सत्र आहूत करने की मंजूरी के लिए भी अदालत क्यों आना पड़ रहा है। ये ऐसे मामले हैं, जिन्हें सीएम और राज्यपाल को ही बैठकर निपटना लेना चाहिए। इस मामले में अगली सुनवाई अदालत में 10 नवंबर को होगी। तब तक गवर्नर को बताना होगा कि उन्होंने लंबित बिलों को लेकर अब तक क्या ऐक्शन लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को कोई बिल सरकार को वापस भेजने का भी अधिकार है लेकिन मामला कोर्ट तक आने से पहले राज्यपालों को निर्णय लेना चाहिए। कोर्ट ने पंजाब में विधानसभा सत्र लगातार चालू रखने पर भी सवाल उठाए और कहा कि यह संविधान में दी गई व्यवस्था नहीं है। इस पर पंजाब के सॉलिसीटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राज्यपाल ने सभी 7 बिल पर फैसला ले लिया है। जल्द ही सरकार को इसकी जानकारी दे दी जाएगी। राज्य सरकार की दलील थी कि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयकों को रोक नहीं सकते हैं और संविधान के अनुच्छेद-200 के तहत प्राप्त उनकी शक्तियां सीमित हैं। पंजाब के राज्यपाल द्वारा पंजाब विधानसभा का सरकार द्वारा बुलाया गया विशेष सत्र गैरकानूनी घोषित करने और बिलों को पारित न करने को लेकर पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाने के पंजाब सरकार के फैसले के बाद राज्यपाल का यू-टर्न सामने आया। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सफाई दी थी कि वह पंजाब के हित में पंजाब सरकार द्वारा लाये जाने वाले बिलों पर विचार करने को तैयार हैं।

### 7को प्रियंका व 8 को राहुल गांधी आएंगे छत्तीसगढ़

**जशपुर,6 नवंबर।** 8 नवंबर को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जशपुर आ रहे है। जशपुर जिले के सन्ना में राहुल गांधी के विशाल आम सभा का आयोजन होना है। इस कार्यक्रम का समन्वयक पीसीसी मेम्बर विनयशील को बनाया गया है। कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी 7 नवंबर को जनसभाओं को संबोधित करेंगी। वे संजारी बालोद में प्रत्याशी संगीता सिन्हा के पक्ष में चुनावी सभा लेंगी। कुरूद में प्रत्याशी तारिणी चंद्राकर के समर्थन में आम सभा लेंगी।

## आयोग से एसएसपी अग्रवाल को हटाने की मांग

**रायपुर,6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, सांसद सुनील सोनी और चुनाव आयोग संपर्क समिति के विजय शंकर मिश्रा निर्वाचन आयोग पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहब कंगाले को एक पत्र सौंपा, जिसमें महादेव बेटिंग एप के शुभम सोनी नामक व्यक्ति द्वारा छत्तीसगढ़ में करोड़ों रुपए पहुंचाएं जाने और मुख्यमंत्री समेत रायपुर के पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल का नाम लिए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रशांत अग्रवाल द्वारा चुनाव में निष्पक्ष कार्य की अपेक्षा ना करते हुए उन्हें पद से हटाए जाने की मांग की। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व शुभम सोनी नामक व्यक्ति द्वारा वीडियो जारी करके स्वयं को महादेव बेटिंग एप का मालिक बताया गया और छत्तीसगढ़ में भारी मात्रा में रूपयों के लेन देन की बात कही गई थी, जिसे आधार बनाकर भारतीय जनता पार्टी निर्वाचन आयोग पहुंची।

## वीडियो के पीछे कौन है जनता सब समझ रही है : सीएम

**रायपुर,6 नवंबर।** महादेव एप से जुड़े कथित शुभम सोनी नाम के व्यक्ति का वीडियो जारी कर भाजपा ने सीएम भूपेश बघेल पर उनसे संबंध का आरोप लगाया था. इसे लेकर सीएम भूपेश ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस आरोप का खंडन किया है. साथ ही उन्होंने ईडी पर भी निशाना साधा है. सीएम बघेल ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दी है.



मुख्यमंत्री ने लिखा है कि आज कुछ समाचार चैनलों ने एक वीडियो दिखाया है, जिसमें एक व्यक्ति यह दावा कर रहा है कि वह मुझसे मिला और मैंने उसे संरक्षण देने का आश्वासन दिया और उसे दुबई जाकर व्यवसाय करने का भी सुझाव दिया. मुझे आश्चर्य है कि एक अनजान व्यक्ति के बयान को सभी जिम्मेदार टीवी चैनल किस आधार पर चला रहे हैं सिर्फ इस आधार पर कि इसमें मेरा नाम है क्या यह मानहानि का मामला नहीं है।आज कुछ समाचार चैनलों ने एक वीडियो दिखाया है जिसमें एक व्यक्ति यह दावा कर रहा है कि वह मुझसे मिला और मैंने उसे संरक्षण देने का आश्वासन दिया और उसे दुबई जाकर व्यवसाय करने का भी सुझाव दिया.मुझे आश्चर्य है कि एक अनजान व्यक्ति के बयान को सभी ज़िम्मेदार टीवी चैनल किस आधार पर चला रहे। उन्होंने आगे लिखा है कि यह कोई रहस्य नहीं है कि ये वीडियो क्यों आया है और कैसे आया है और यह भी समझना कठिन नहीं है कि ऐन चुनाव के वक़्त ऐसा बयान भाजपा को फ़ायदा पहुंचाने के लिए ही जारी किया गया है. यह भी हर कोई समझ रहा है कि ईडी को हथियार बनाकर ही ऐसा किया जा रहा है. दरअसल भाजपा अब ईडी के सहारे ही चुनाव लड़ रही है और मुझे बदनाम करने के लिए ईडी का इस्तेमाल कर रही है.सीएम ने कहा कि पहली बात तो यह कि मैं इस व्यक्ति को नहीं जानता और न मैं कभी इससे उस तरह मिला हूं, जैसा कि वह दावा कर रहा है. वह किसी सभा समारोह का हिस्सा रहा हो तो मैं नहीं कह सकता. दूसरी बात यह है कि यह व्यक्ति दावा कर रहा है कि वह 'महादेव ऐप' का मालिक है. आश्चर्य की बात है कि यह बात महीनों से इस मामले की जांच कर रही एजेंसी ईडी को भी अभी तक पता नहीं थी और दो दिन पहले तक ईडी उसे मैनेजर बता रही थी. छत्तीसगढ़ की जनता सब जान-समझ रही है. वह भाजपा और उसकी सहयोगी ईडी को चुनाव में करारा जवाब देगी.

## गारमेंट फैक्ट्री में आगजनी लाखों का सामान खाक

**बीजापुर,6 नवंबर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत ईटपाल पंचायत के मांझीगुड़ा में स्थित बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री मे अज्ञात लोगों द्वारा बीती रात आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना में लाखों का सामान जल कर खाक हो गया है। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन प्रशासना द्वारा उक्त गारमेंट फेक्ट्री की स्थापना कर सैकडों युवती व महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा था। इस घटना के सम्बन्ध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात अज्ञात आसामाजिक तत्वों द्वारा फेक्ट्री में आगजनी की घटना को अंजाम दे कर फरार हो गये हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।



## अबूझमाड़ मलखंभ ने जीता आईजीटी का खिताब

रायपुर,6 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



लोकप्रिय रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के सीजन 10 का खिताब छत्तीसगढ़ की अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी ने खिताब अपने नाम कर लिया है. इंडियाज गॉट टैलेंट के विनर के रूप में उन्हें 20 लाख रुपये की इनामी धनराशि और कार मिला है. इस सीजन रैपर और सिंगर बादशाह, किरण खेर और शिल्पा शेट्टी ने जजेस की कुर्सी संभाली. रियलिटी शो का आयोजन अर्जुन बिजलानी द्वारा किया जाता है. छह फाइनलिस्टों के प्रदर्शन के बाद विनर का नाम अनाउंस किया गया. जिसमें अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी, जीरो डिग्री क्रू, महिला बैंड, गोल्डन गर्ल्स, द ए.आर.टी., रागा फ्यूजन ने फिनाले एपिसोड की शूटिंग की है. इन छह फाइनलिस्टों में से अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी विनर बना.मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कितनी खुशी और गर्व की बात है! हमारे मलखंब अकादमी अबूझमाड़ के हुनरबाजों ने सोनी टीवी पर प्रसारित शो इंडियाज गॉट टैलेंट को जीत लिया है। अबूझमाड़ की इन प्रतिभाओं ने देश भर में छत्तीसगढ़ के लोगों को महसूस करने के लिये गर्व के पल दिए हैं। सबको खूब बधाई, खूब शुभकामनाएँ। हम सबका सीना चौड़ा हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद दिया । ज्ञात हो कि इन बच्चों के अदम्य प्रदर्शन से प्रभावित होकर कार्यक्रम के जज, अभिनेत्री किरण खेर और सिंगर बादशाह ने पूर्व में ही अबूझमाड़ मलखम्ब यूनिट को 6 माह के लिए 50 हज़ार रुपये प्रति माह देने की घोषणा की है ताकि ये ग्रुप इस साहसपूर्ण कार्य को आगे बढ़ाते रहें ।

### नक्सलियों ने 2 कांग्रेस नेताओं को जान से मारने की दी धमकी

**नारायणपुर,6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बीच नक्सली अपनी हरकतों से आज नहीं आ रहे हैं. वहीं प्रथम चुनाव के ठीक एक दिन पहले नक्सलियों ने पर्चा फेंका और बैनर लगया है. जिसमें भाजपा नेता की हत्या के बाद अब कांग्रेस नेताओं को मौत के घाट उतारने की धमकी दी है. यह ममला नारायणपुर थाना क्षेत्र समेत अलग-अलग इलाकों का है. जानकारी के अनुसार, नारायणपुर जिले के अलग-अलग इलाकों में नक्सलियों ने धमकी वाला पोस्टर लगाया और पर्चा फेंका है. वहीं नक्सलियों ने एक बैनर जिला मुख्यालय के अंदर पहाड़ी मंदिर के पास लगया है. जिसमें 2 कांग्रेस नेताओं को जान से मारने की धमकी दी है. इससे इलाके में दहशत का माहौल है.

# चायवाले की तबीयत बिगड़ी तो पीएमओ से आ गया फोन

**वाराणसी,6 नवंबर।** पीएम मोदी का वाराणसी के लोगों से एक खास लगाव हमेशा देखने को मिलता है। यह एक बार फिर नज़र आया है। पप्पू चायवाला को तो जानते ही होंगे आप। वही जिनकी वाराणसी के अस्सी चौराहे पर इस नाम मशहूर दुकान है। इस दुकान पर चाय की चुस्कियों के साथ सियासी चर्चाएं भी खूब होती हैं। पीएम मोदी भी यहां चाय का लुत्फ ले चुके हैं। उसी पप्पू चायवाला दुकान के मालिक विश्वनाथ सिंह की तबीयत खराब होने की जानकारी पीएम मोदी को हुई तो प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से विश्वनाथ सिंह के बेटे मनोज सिंह को फोन आ गया। पीएमओ ने मनोज से उनके पिता के स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी ली। दरअसल, पीएम मोदी ने पीएमओ निर्देश दिया था कि विश्वनाथ सिंह को जरूरी इलाज मुहैया कराया जाए। इस फोन के बाद एक बार फिर 2022 के विधानसभा चुनाव अभियान की यादें ताजा हो गई हैं जबकि विश्वनाथ सिंह उर्फ पप्पू ने वाराणसी के अस्सी इलाके में अपनी दुकान पर पीएम मोदी की मेजबानी की थी। मनोज सिंह ने बताया कि उनके पिता की पांच दिन पहले तबीयत खराब हो गयी थी और उन्हें बुखार



आ गया था। शुक्रवार को बेचैनी की शिकायत होने पर, मनोज अपने पिता को मां आनंदमयी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। उनकी हालत में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

उन्होंने बताया, शनिवार को मुझे पीएमओ के एक अधिकारी का फोन आया और उन्होंने मेरे पिता के स्वास्थ्य के बारे में पूछा। मैंने उन्हें बताया कि मेरे पिता की सेहत में अब सुधार हो रहा है। वह घर पर आराम कर रहे हैं। उधर, उत्तर प्रदेश भाजपा के राज्य प्रवक्ता अशोक पांडेय ने कहा कि उन्हें वाराणसी में पीएम के संसदीय कार्यालय से विश्वनाथ सिंह से मिलने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ फोन आया कि उन्हें अस्पताल में उचित देखभाल मिले। पांडे ने कहा, मैं प्रोफेसर कौशल किशोर मिश्रा के साथ अस्पताल पहुंचा और विश्वनाथ सिंहजी से मुलाकात की। हमने पप्पूजी का हालचाल पूछा और सुनिश्चित किया कि उन्हें उचित चिकित्सा देखभाल प्रदान की जा रही है। इलाज के बाद अब उनकी हालत में सुधार हो रहा है।

अशोक पांडेय ने यह भी कहा, पीएम मोदी को काशी के लोगों की विशेष चिंता है और इसीलिए मुझे विश्वनाथ सिंह जी का ख्याल रखने का निर्देश मिला है। बाबा काशी विश्वनाथ जी के आशीर्वाद से सिंह के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है।÷ कौशल किशोर मिश्रा ने याद किया कि 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी काशी में रोड शो कर रहे थे। देर शाम अस्सी से गुजरते समय पीएम ने पप्पू अड्डी (चाय की दुकान को स्थानीय बोली में अड्डी कहा जाता है) पर रुककर चाय की चुस्की ली और पप्पू और उनके बेटे से बातचीत की। उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि मोदी ने बनारसी पान भी खाया था। मिश्रा ने कहा, चाय की चुस्की और पान खाने के बाद मोदी ने कहा कि विश्वनाथ जी का परिवार मेरा परिवार है। पप्पू के बेटे के मोबाइल फोन पर पीएमओ से आए कॉल ने उनके स्वास्थ्य का हाल पूछा, जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि पीएम मोदी अपनी बात पर कायम रहते हैं और वादा करके कभी नहीं भूलते।

### आईईडी ब्लास्ट में नक्सली की मौत

**सुकमा,6 नवंबर।** जिले से सामने आ रही है। जहां आईईडी ब्लास्ट में एक नक्सली की मौत हो गई। आपको बता दें कि जवानों को टारगेट करने के उद्देश्य से आईईडी प्लांट करते वक्त विस्फोटक में जोरदार धमाका हुआ, जिसकी चपेट में आने से एक नक्सली की मौत हो गई।

दरअसल, यह घटना सुकमा के मुकरम और मर्कागुड़ा के बीच की घटना बताई जा रही है। इससे एक दिन पहले शनिवार को बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्र के बुरजी गांव के पूर्व में तीन किग्रा का आईईडी बरामद किया गया। सीआरपीएफ की 85वीं वाहिनी की टीम ने सर्चिंग के दौरान बरामद किया। आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान सीआरपीएफ के जवान प्रशांत भुईया को मामूली चोट आई है।

## संपादकीय

# जिस पर जनता का भरोसा वहीं सिकंदर

लोकतंत्र में चुनाव के जरिए जनता उस दल को चुनती है जिस पर उसे सबसे ज्यादा भरोसा होता है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव मैदान में भाजपा,कांग्रेस सहित कई दल मैदान में हैं। सभी दल अपने वादों के जरिए दूसरों को अपने से कमतर बतान तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। खुद को सबसे भरोसे का बता रहे हैं। किसी दल के यह कह देने से कि वही भरोसेमंद हैं जनता उसे सत्ता के योग्य नहीं मान लेती है। जनता किसी दल पर भरोसा करती है तो उसके कई पैमाने होते हैं। वह देखती है कि उसने जो वादे किए थे उसे पूरे किए या नहीं, वादा पूरा कब किया। कैसे किया। उससे जनता को फायदा हुआ साथ ही क्या राज्य को भी फायदा हुआ। जिस दल को सत्ता सौंपी उसके मुखिया से लेकर मंत्री नेता तक का व्यवहार उसके साथ कैसा रहा, उन्होंने पांच साल में कितना भ्रष्टाचार किया। क्षेत्र के विकाक के काम किया या नहीं । हर क्षेत्र की जनता की अपनी कसौटी होती है, किस क्षेत्र में जनता सरकार,मंत्री,विधायक व सीएम को किस कसौटी पर कसेगी कुछ कहा नहीं जा सकता। चुनाव घोषणा पत्र में तो ज्यादातर दलों ने बड़े बड़े वादे किए हैं जो दल 90 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं वह भी ऐसे वादे कर रहे हैं जैसे उनकी सरकार बनने वाली है। जो दल 90सीटों पर चुनाव तक नहीं लड़ रहे हैं, जनता जानती है कि यह सरकार नहीं बना सकते इसलिए ऐसे दलों को जनता सत्ता सौंपने लायक नहीं समझती है। ऐसे दल के प्रत्याशी कुछ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस व भाजपा दोनो से नाराजगी होने के कारण जीत सकते हैं। या प्रत्याशी अपनी योग्तया के बूते जीत सकता है। जहां तक भाजपा व कांग्रेस का है तो इस बार मुख्य मुकाबला इन दोनों दलों में ही होने वाला है। शुरू में जरूर ऐसा लगा कि आम आमदी पार्टी भी मुकाबले में रहेगी लेकिन वह अब मुकाबले में नहीं है लेकिन वोट काटकर चुनाव परिणाम को प्रभाति कर सकती है। कोई जीतते जीतते हार सकता है और कोई हारते हारते जीत सकता है। जहां तक भाजपा व कांग्रेस की चुनावी वादो क ासवाल है तो दोनो दलों के कुछ वादे तो एक जैसे हैं। शुरू में लग रहा था कि वादे करने में कांग्रेस ने बाजी मार ली है। लेकिन कांग्रेस जैसे ही वाद कर भाजपा मुकाबले में आ गई है। उसने कांग्रेस से ज्यादा देने की घोषणा कर कांग्रेस को अपने वादों पर विचार करने पर मजबूर कर दिया है। जहां तक भरोसे की बात है तो इस राज्य की जनता ने पंद्रह साल भाजपा पर भरोसा किया है फिर से भरोसा कर सकती है। भाजपा के पास पीएम मोदी जैसा नेता भी है जो ईमानदार है, जनता के लिए काम करने वाला नेता है। जिस पर जनता आंख मुंदकर भरोसा करती है। उसकी गारंटी पर भरोसा करती है कि पीएम मोदी जो कहते हैं वह करते भी हैं। कांग्रेस ने पांच साल ज्यादातर वादे पूरे कर जनता के हित के काम कर जनता को भरोसा दिलाया है कि वही उसके लिए काम सकती है, वही जो वादे करती है, पूरे भी करती है। भूपेश बघेल सरकार ने हर योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाया है। जनता को योजना का लाभ मिला है। चार साल तक भूपेश सरकार साफ सुथरी सरकार थी, कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ था। लेकिन पांचवें साल इतने भ्रष्टाचार सामने आ गए हैं कि लोगों को यकीन नहीं हुआ कि भूपेश सरकार के समय ऐसा भी हो सकता है। अब तो ईडी ने दावा कर दिया है कि महादेव एप के प्रमोटर ने भूपेश बगेल को 508 करोड़ रुपए दिए हैं। यह तो भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। कांग्रेस इस झटके से उबरने की कोशिश कर रही है। कितना उबर पाएंगी यह अभी कहा नहीं जा सकता। अभी तक तो सरकार को हुए भ्रष्टाचार` कारण नुकसान होने की आशंका थी, अब तो भूपेश बघेल पर आरोप लगने से और ज्यादा नुकसान होनो की आशंका है। भाजपा इसका पूरा फायदा उठाने का प्रयास करेगी। कांग्रेस अपने को होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास आने वाले दिनों में करेगी,वह नुकसान को जितना कम कर पाएगी, उतना ही उसके लिए अच्छा होगा।

# भारतीय मुसलमानों पर 'तिहाड़ी प्रवचन'

**चर्चित मुददा**

तनवीर जाफ़री



**तिहाड़ी का यह 'शोध' उनकी 'ज्ञान वर्धक ' टिप्पणी के साथ आज के उस दौर में वायरल हो रहा है जबकि इज़राईल, फ़िलिस्तीन पर हमलावर है और दक्षिणपंथियों को छोड़कर पूरा विश्व इज़राईली नरसंहार की घोर आलोचना कर रहा है। ऐसे में भारतीय मुसलमान ही नहीं बल्कि लगभग पूरा विश्व व भारतीय विपक्ष फ़िलिस्तीनियों के प्रति हमदर्दी जता रहा है।**

जिस टी वी चैनल ने 'फ़तेह का फ़तवा' नामक कार्यक्रम 2017 में प्रसारित किया था और उस कार्यक्रम का मुख्य ऐंकर पाकिस्तान मूल के कनाडाई लेखक तारिक फ़तेह को बनाकर इस्लाम पर तरह तरह के सच्चे-झूठे आरोप मढ़कर इस्लाम को बदनाम करने व साथ ही भारतीय हिंदू-मुस्लिम समाज को बांटने का प्रयास किया था उसी दौर में उसी टी वी चैनल के ऐंकर के रूप में एक 'नफ़रती पत्रकार ' ने समाज में केवल नफ़रत परोस कर स्वयं को अतिवादियों के चाहते के रूप में स्थापित कर लिया था । इनका पूरा नाम जानने के लिये गूगल में केवल 'तिहाड़ी ' शब्द टाइप करें आपको इनकी हक़ीक़त लेख ,समाचार और वीडीओ आदि सभी रूप में देखने,सुनने व पढ़ने को मिल जायेगी। झूठे समाचार देने,सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने,अपने ट्वीट डिलीट करने,अपने ही प्रसारित समाचारों का खंडन करने,पत्रकारिता को कलंकित करने से लेकर रिश्वत लेने और रिश्वत आरोपी के रूप में जेल जाने आदि तक में इनकी पूरी दक्षता है। टाई सूट वाले इस स्टूडियो पत्रकार को उच्च स्तरीय सुरक्षा मिली हुई है। आज किन्हीं कारणों से अपने उस पुराने टीवी चैनल को छोड़ कर अन्य चैनल में अपने उन्हीं विध्वंसक इरादों के साथ 'विभाजनकारी प्रवचन ' देते फिर रहे हैं।

भाजपा का आई टी सेल इनकी ऐसी झूठी,मनगढ़ंत और नफ़रत फैलाने वाली संक्षिप्त क्लिप को अपने राष्ट्रव्यापी ट्रोलर्स नेटवर्क में पोस्ट करता है। और झूठ और नफ़रत का यह बाज़ार इन जैसे 'तिहाड़ियों' के झूठे व वैमनस्यपूर्ण प्रवचन से और भी ज़हरीला होता जा रहा है। पिछले दिनों ' तिहाड़ी' की ऐसी ही एक क्लिप 'वाट्सएप यूनिवर्सिटी' के माध्यम से मुझ तक भी पहुंची। 5 मिनट 12 सेकेंड की इस क्लिप में 'तिहाड़ी ' की शुरूआती टिपण्णी इन शब्दों में थी ----'आज जिस तरह से भारत के बहुत सारे मुसलमान अपने देश का साथ देने के बजाय भारत का विरोध करने वाले मुस्लिम देशों का साथ दे रहे हैं उसका आभास देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को आज से 77 वर्ष पहले ही हो गया था। इसलिये आज आप हमारी यह बात ज़रूर ध्यान से सुनियेगा क्यूंकि जो आज आपके दिमाग़ में चल रहा है वह डा भीम राव आंबेडकर के दिमाग़ में 77 साल पहले चल रहा था'। इस टिप्पणी के बाद तिहाड़ी ने डॉ अंबेडकर द्वारा वर्ष 1945 में 'पाकिस्तान और भारत का विभाजन' नामक लिखी पुस्तक के कुछ अंशों का ज़िक्र करते हुये और डॉ आंबेडकर के मुस्लिम जगत के बारे में व्यक्त विचारों में अपने ज़हरीले शब्दों का तड़का लगाते हुये यह साबित करने के लिये अपना पूरा ज़ोर लगा दिया कि भारतीय मुसलमान भरोसे के लायक़ नहीं। इनके लिये जिहाद पहले है,इनका भाईचारा केवल मुसलमानों के लिए है अन्य के लिये नहीं। भारत के मुसलमान भारत को इस्लाम का नहीं,युद्ध का घर मानते हैं और भारत के मुसलमान कभी भी अपने देश के लिये ईमानदार साबित नहीं होंगे।अगर विदेशी मुस्लिम ताक़तें जिहाद की घोषणा करना चाहती हैं तो इसमें भारत के मुसलमान उनकी सहायता भी कर सकते हैं। भारत के मुसलमान सिर्फ़ जिहाद की घोषणा ही नहीं कर सकते बल्कि उसकी सफलता के लिये विदेशी इस्लामिक ताक़तों की मदद भी ले सकते हैं।' आदि आदि। बीच बीच में 'तिहाड़ी' यह सफ़ाई भी देते रहे कि -'भारत के मुसलमानों के लिये यह विचार डॉ आंबेडकर के थे ,हमारे नहीं '। डॉ अंबेडकर की इसी 'पाकिस्तान और भारत का विभाजन' नामक पुस्तक का हवाला देते हुये तिहाड़ी ने आगे बताया कि -'मुसलमानों के भाईचारे का फ़ायदा सिर्फ़ उनके अपने लोगों को ही मिलता है और जो ग़ैर मुस्लिम हैं यानी हिन्दू हैं उनके लिये सिर्फ़ घृणा और शत्रुता ही बची है। मुसलमानों की वफ़ादारी उस देश के लिये नहीं होती जहाँ वह रहते हैं ,बल्कि उनकी वफ़ादारी उस धर्म के लिये होती है जिसका वे पालन करते हैं। और मौजूदा परिस्थिति में अंबेडकर की यह बातें बिल्कुल फ़िट बैठती हैं। यही बात भारत के मुसलमानों के साथ भी है वे शायद इसे अपनी मातृभूमि नहीं मानते और हमसे हज़ारों किलोमीटर दूर जो मुसलमान बैठे हैं उन्हें अपना भाई समझते हैं।' फिर तिहाड़ी अपनी टिप्पणी में जोड़ते हैं - ये इतिहास है ,यह सिद्धांत है और इसीलिये मैंने आपसे कहा कि अब यह एक धर्मयुद्ध बन चुका है -यह धर्म 57 देशों के 190 करोड़ मुसलमानों को एकजुट कर रहा है लेकिन उसी आधार पर यदि हम भारत के सौ करोड़ हिन्दुओं की बात करें तो वह आज भी बंटे हुये है क्यूंकि उनका धर्म उन्हें एक रहने पर मजबूर नहीं करता'।

तिहाड़ी का यह 'शोध' उनकी 'ज्ञान वर्धक ' टिप्पणी के साथ आज के उस दौर में वायरल हो रहा है जबकि इज़राईल, फ़िलिस्तीन पर हमलावर है और दक्षिणपंथियों को छोड़कर पूरा विश्व इज़राईली नरसंहार की घोर आलोचना कर रहा है। ऐसे में भारतीय मुसलमान ही नहीं बल्कि लगभग पूरा विश्व व भारतीय विपक्ष फ़िलिस्तीनियों के प्रति हमदर्दी जता रहा है। खुद भारत सरकार भी फ़िलिस्तीनियों के प्रति हमदर्दी का इज़हार करते हुये वहां सहायता सामग्री भेज चुकी है। रहा सवाल डॉ आंबेडकर द्वारा इस्लाम धर्म पर उनके विचार व्यक्त करने का तो वे एक स्वतंत्र विचारक थे। उन्हें अपने अध्ययन के अनुसार अपनी बात कहने या निष्कर्ष निकालने का पूरा हक़ था । दुनिया का कोई भी धर्म ऐसा नहीं जिसमें आलोचना की गुंजाईश न हो। परन्तु 'मिस्टर तिहाड़ी ' अपनी नमक मिर्च वाली टिपण्णी के माध्यम से मुसलमानों ख़ासकर भारतीय मुसलमानों के प्रति जो नकारात्मक नरेटिव गढ़ना चाहते हैं वह ज़रूर पूरी तरह से एक नियोजित शरारतपूर्ण राजनैतिक साज़िश प्रतीत होता है। तिहाड़ी उस देश के मुसलमानों के प्रति संदेह पैदा कर रहे हैं जिस देश में बहादुर शाह ज़फ़र,टीपू सुल्तान,बदरुद्दीन तैयबजी, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, हकीम अजमल ख़ान , रफ़ी अहमद क़िदवई ,ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान , मौलाना हुसैन अहमद मदनी,मौलाना मज़हरूल हक़,अशफ़ाक़ उल्ला ख़ान, बेरिस्टर आसिफ़ अली, जनरल शाहनवाज़ ख़ान , डॉ ज़ाकिर हुसैन, डॉ फ़ख़रुद्दीन अली अहमद, यूसुफ़ मेहर अली जैसे अनेकानेक स्वतंत्रता सेनानी दिये ? भारतीय सेना के प्रमुख मुस्लिम नायकों में ब्रिगेडियर उस्मान जिन्होंने 1948 में कश्मीर की रक्षा करते हुये शहादत पाई और महावीर चक्र प्राप्त किया। इसी तरह परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद जिनपर भारतीय सेना को गर्व है इन नायकों को तो 'तिहाड़ी थेऊरी ' के अनुसार हिंदुस्तान नहीं बल्कि पाकिस्तान की तरफ़ से भारत के विरुद्ध 'जिहाद ' करना चाहिये क्यूंकि पाकिस्तान एक मुस्लिम बाहुल्य देश है? भारत रत्न डॉ कलाम की राष्ट्र के प्रति सेवाएं भी फिर तो इस तिहाड़ी 'पत्थरकार ' की नज़रों में नगण्य हैं ?'मुसलमानों के भाईचारे का जहाँ तक सवाल है तो वह हैदराबाद के निज़ाम मीर उस्मान अली ख़ान ही थे जिन्होंने 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को 5,000 किलो सोना राष्ट्रीय रक्षा कोष में 5 हज़ार किलो सोना दान में दिया था। आज भी देश का कोई सबसे बड़ा दानी उद्योगपति है तो वह अज़ीम प्रेमजी हैं।

देश को तो दरअसल इन जैसे ज़हर फैलाने वाले स्वयंभू स्टूडियो पत्रकारों से बचने की ज़रुरत है। जो डॉ आंबेडकर का नाम लेकर अपना एजेंडा प्रसारित करते हैं। डॉ आंबेडकर ने इस्लाम धर्म के बारे में क्या कहा इससे बड़ा सवाल है कि उन्होंने हिन्दू धर्म का त्याग क्यों किया ? उनकी हिन्दू धर्म त्यागने के समय जो प्रसिद्ध 22 प्रतिज्ञाएँ थीं वह क्या थीं और क्यों थीं ? उन्होंने किन कारणों से मनुस्मृति को जलाकर अपना विरोध व्यक्त किया था ? रहा सवाल मुस्लिम जगत की एकता का ,तो यह तो खुद मुसलमानों के लिये दूर की कौड़ी है। आज पूरे विश्व में सबसे अधिक मुसलमान देश ही मुस्लिम देशों से या तो लड़ रहे हैं या एक दूसरे के विरुद्ध साज़िश का हिस्सा हैं। भारतीय मुसलमसानों की वफ़ादारी के सुबूत पोर्टब्लेयर की जेल में पत्थरों पर खुदे सैकड़ों नामों और इंडिया गेट पर पत्थरों पर उकेरे नामों से समझा जा सकता है। अंबेडकर के नाम पर अपना अर्धज्ञानपूर्ण विध्वंसकारी फ़लसफ़ा बघारना भारतीय मुसलमानों पर 'तिहाड़ी प्रवचन ' के सिवा और कुछ नहीं।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ग्रॉसरी का सामान खरीदने पर आपको अच्छा डिस्काउंट मिलेगा। माता पिता अपने बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे, बच्चे आज काफी खुश रहेंगे। वकील आज पुराने क्लाइंट के केस को साल्व करेंगे साथ ही नये क्लाइंट से भी मिलेंगे। किसी मित्र की सहायता करने का अवसर मिलेगा, जिससे वह काफी प्रसन्न होंगे। स्वास्थ्य संबंधी सस्याओं से आज आपको राहत मिलेगा।

वृष राशिःआज आपका दिन लकी रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग समाज में अच्छी छवि बनाने में सफल होंगे। सिविल इंजीनियरिंग कर रहे छात्रों का प्लेसमेंट अच्छी कंपनी में होगा। मेहनत से किया गया काम अच्छा परिणाम देगा, इसलिए मेहनत से कार्य करने की जरुरत है। टेक्सटाइल का बिजनेस कर रहे लोगों को आज अधिक मुनाफा होगा और उनके बिजनेस में बढ़ोतरी भी होगी। आपके बड़े बेटे का व्यापार ज्यादा तरक्की करेगा, जिससे आपको काफी खुशी होगी।

मिथुन राशिःआज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में आप शामिल होंगे और वहां प्रोग्राम का आनंद उठाएंगे। चेस खेल रहे लोगों की आज शानदार जीत होगी, अपने साथी खिलाडी से भी आप कुछ नया अनुभव सीखेंगे। जमीन जायदाद से जुड़े मामले में आज आपको सफलता मिलेगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों का इंटरव्यू अच्छा रहेगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। छात्रों को परीक्षा के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कर्क राशिःआज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने मित्र के साथ मिलकर प्लान करेंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाशने की कोशिश करेंगे। घर में नन्हें मेहमान के आगमन का योग है। अपने गुस्से पर कंट्रोल रखे जिससे आपके सारे काम अच्छे से होंगे। आज घर के किसी काम को पूरा करने में परिवार का सहयोग मिलेगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशिःआज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए मेडिटेशन करें जिससे आपका मन एकाग्र रहेगा और सेहत अच्छी रहेगी। अपने बिजनेस की जिम्मेदारी को किसी जिम्मेदार व्यक्ति को देंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छा चलेगा। बच्चो के साथ आप शॉपिंग मॉल घूमने जाएंगे, जिससे बच्चों को अच्छे खिलौने लेकर देंगे। आज ऑफिस में अपना वर्क अच्छे से पूरा करेंगे। बॉस आपके कार्यो से प्रसन्न होंगे। बिजनेस मीटिंग के लिए आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है।

कन्या राशिःआज आपका दिन बेहतर रहेगा। बिजनेस से रिलेटेड प्रॉब्लम को साल्व करने के लिए एक अच्छी कंसल्टेंट टीम को रखेंगे, जिसकी मदद से आपका बिजनेस अच्छा चलेगा। आपका सामान्य बातचीत का व्यवहार अच्छा रहेगा जिससे आपको लोग पसंद करेंगे। अपने परिवार के साथ मूवी देखने जाएंगे, और खूब मनोरंजन करेंगे। आज आपकी रूचि सामाजिक कार्यों में रहेगी, लोग आपकी सराहना करेंगे। परिवार में आपसी सौहार्द बना रहेगा।

तुला राशिःआज आपका दिन मिला जुला रहेगा। महिलाओ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, वह अपने बच्चों के लिए नई-नई डिशेस बनाएगी। फैशन डिजाइनर का कोर्स कर रहे लोगों को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा। बुजुर्गो का आशीर्वाद आपको सफल बनाएगा। स्वास्थ्य के प्रति आज आपको सतर्क रहने की जरूरत है। जीवनसाथी से कार्यो में सहयोग मिलेगा, इससे आपके कार्य समय रहते पूरा हो जायेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन बेहद ही खुशनुमा रहेगा। किसी रिश्तेदार के आने से आपकी खुशी बढ़ जाएगी और बच्चे भी खुश होंगे। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। प्रिंटिंग का वर्क कर रहे लोगों को आज अधिक मुनाफा होगा। नवविवाहित दंपत्ति आज लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। लवमेट्स अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे। आज आप ऑनलाइन कोई नया बिजनेस शुरू करने का मन बनाएंगे।

धनु राशिःआज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। बाहर की तली भुनी चीजों को खाने से बचे, जिससे आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। सीनियर्स से आपको प्रोजेक्ट के बारे में कुछ नया सीखने को मिलेगा, जिससे आपकी नॉलेज और बढ़ेगा। विद्यार्थियों का जीवन काफी बिजी रहेगा क्योकि वह आज मैथ्स के टॉपिक को क्लियर करेंगे। किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे जिससे आपका मन खुश होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा।

मकर राशिःआज आपका दिन उत्तम रहेगा। पैसों से जुड़े लेन-देन को सावधानी के साथ करें। भाईयों से अपने लिए नया घर खरीदने के लिए सलाह लेंगे, जिससे वह लोग आपकी मदद करेंगे। आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, जिससे आप अपना हर काम बहुत ही ईमानदारी से करेंगे। आपके घर वाले आपसे खुश होंगे, उनको कही घूमाने ले जाएंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी कार्य को पूरा करने में सफल होंगी।

कुंभ राशिःआज आपका दिन एक बेहद खास पल लेकर आयेगा। प्रापर्टी खरीदने के लिए आप आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे और डील अच्छे से फाइनल करेंगे। नव विवाहित दम्पति को बड़ो से आशीर्वाद मिलेगा। आपका स्वास्थ्य आज फिट एंड फाइन रहेगा। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, साथ में मूवी देखने जाएंगे। जीवनसाथी से आज आपको उपहार मिलेगा। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए आज आप कोई नया प्लान बनाएंगे।

मीन राशिःआज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। बड़े बुजुर्गो की सलाह आपके कार्यो को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। लवमेट्स के बीच चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी, रिश्तों में मधुरता आयेगी। कार्य क्षेत्र में थोड़ी सी मेहनत करने पर आपको बड़े धन लाभ का अवसर मिलेगा। अपने दोस्तों के साथ विदेश ट्रिप प्लान करेंगे, जिसके लिए आप काफी उत्साहित रहेंगे। बच्चो की पेरेंट्स मीटिंग में जाने का अवसर मिलेगा, जिससे आप अपने बच्चों की गतिविधियों को जान पाएंगे।

## व्यंग्य

# चुनाव:मन में लड्डू फूटने का मौसम

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

बड़बोलू भैया जब भी बात करते हैं आंकड़ों की बरसात करते हैं। उनका मानना है कि सामने वाले से झूठ भी बोलो तो आंकड़ों का चोला ओढ़कर बोलो। इससे झूठ भी सच लगने लगता है। इन दिनों वे भुखमरों को सुखजियो, बेरोजगारों को रोजगारों, बलात्कारियों को चमत्कारियों के रूप में दर्शाते हुए हर सुबह टीवी खिड़की पर दिख जाते हैं। आजकल वे हवाई किलों के विकासी बम चौतरफा फोड़ रहे हैं और बेमौसम बरसात हो जाने पर नेहरू जी व खानदान का आगा-पीछा गिनने की कला साधकर स्वयं को पहुँचा हुआ एनलिस्ट समझते हैं। अंदाज उनका ऐसा था मानों उनसे बहस करने वालों को कालर से रंगेहाथों पकड़ लिया हो। बाकी खिसियानी हँसी के साथ पेश होने के आलावा और क्या कर सकते थे । वे जारी रहे - देश को स्वतंत्रता 2014 के बाद, दाढ़ी वाले दिव्य पुरुष के उद्भव से हुआ। उससे पहले आदमी नंगा और गुफाओं में रहता था। इसलिए जनता को समय-काल का ध्यान रखना चाहिए, खासकर उनको जो मतदाताओं के रूप में आगे चलकर भेड़चाल का हिस्सा बन जाते हैं। देखो आगे, चलो पीछे। यही नीति है, यही मन्त्र है, इसी में जान बचाने का फार्मुला छिपा हुआ है। देश को प्रेम करने के लिए सर कटाने की नहीं, दाढ़ी बढ़ाकर आँसू बहाने की कला आनी चाहिए। याद रखिए यही वह कला है, जो बिना डिएनए बदले मतदाताओं को भेड़ बनाता है और मिमियाना डिफाल्ट कर देता है। बड़बोलू भैया एक नयी व्यवस्था का प्रचार कर रहे हैं। उनकी मानें तो जान कर खुश होना पड़ेगा कि नये लोकतंत्र में विपक्ष नहीं होगा। क्या जरुरत है विपक्ष की। बिना मतलब की रस्साकशी। पता नहीं कुछ ईमानदार कैसे बेवकूफों की तरह विपक्ष को मरने नहीं देते और सत्ता पक्ष है कि उन्हें जीने नहीं देते। चलिए किसी न किसी दिन विपक्ष खेत का नजरबट्टू बनकर जरूर बनेगा। तब संसद की शोभा के लिए विपक्ष की कुर्सियों पर वही पुतले रख देंगे। वैसे भी देश में सत्ता पक्ष को छोड़कर शेष मृत पुतलों की ही भूमिका निभा रहा है। बहस की जगह भजन कीर्तन चलेगा और देश में दैवीय ऊर्जा बहेगी । जिस तरह शादी की बस में सब खुशी-खुशी यात्रा करते हैं, वहीं संसद में होगा। अभी सारा भ्रष्टाचार वोट के कारण होता है। विपक्ष नहीं होगा तो वोट का झंझट ख़त्म। किसको वोट दें किसको नहीं, यह सोचने के तनाव से जनता भी मुक्त हो जाएगी। देश मजबूत हाथों में है यह मिडिया, टीवी, ईडी वगैरह से सबको पता चल चल जाएगा। सरकार के लिए न कोई लाड़ला होगा न लाड़ली। जो पैसा बचेगा उससे एक नयी बुलेट ट्रेन खरीदेंगे, विकास तेज होगा। आपाधापी में कुछ लोग छूट जाते हैं। हमारे लाड़ले विधायकों, सांसदों ने बड़े त्याग किये हैं। आपातकाल में जेल गये थे। उनके प्रति सरकार का यानी देश कुछ कर्तव्य बनता है। आगे आप समझदार हैं। अच्छे सुझाव दोगे तो मान भी लेंगे। बड़बोलू भैया सावधान करते हुए कहने लगे कि



कभी विपक्ष का चुनाव नहीं करना, वरना बेवजह की सरफोड़ी होगी। दरअसल महंगाई विकास का थर्मामीटर है। महंगाई से ही पता चलता है कि लोगों की पर्चेसिंग पावर कितनी बढ़ गई है। गरीब से गरीब भी खरीद रहा है, खा-पी रहा है और क्या चाहिए। महंगाई तो मात्र एक नारा है विपक्ष का। शर्म आनी चाहिए उन्हें। जनता बड़े मजे में भजन-भंडारों में लगी है और ये छाती कूट उनके आनंद-आस्था में खलल पैदा करते हैं! उन्हें बेरोजगारी का नाम ले कर डराते हैं। विपक्ष के आलावा कौन बेरोजगार है, बताइए। सबके हाथ में डाटा है, सब काम में लगे पड़े हैं । किसी के पास घड़ी भर की फुर्सत हो तो बताओ? बेरोजगारी होती तो लोग आन्दोलन करते, नारे लगाते, काले झंडे दिखाते। सब मजे में हैं। किसी को कोई शिकायत नहीं है। हर सप्ताह आईआईटी, आईआईएम, एम्स खोल रहे हैं और हर दूसरे दिन एक रॉकेट छोड़ रहे हैं। डिग्री का महत्त्व जानती है सरकार। रोजगार से ज्यादा नाक बचाने में डिग्री का महत्त्व होता है। डिग्री सबको मिलेगी, एक नहीं दो दो तीन तीन मिलेगी। भर भर के लो । बाज़ार में निकलो कभी देखने के लिए। सब्जी-भाजी वाले, गोलगप्पे वाले, चाय वाले, जूता पालिश वाले, सब डिग्रीधारी मिलेंगे। और कितने नीचे तक विकास चाहिए। पन्द्रह साल पहले छोटे-छोटे काम करने में लोगों को शरम आती थी, अब देखो, सब कर रहे हैं मजे में। डेवलपमेंट इसी को कहते हैं। इसीलिए सत्ता पक्ष को चुनिए विपक्ष को तिलांजली दीजिए।

## सम - सामयिक

**किशन सनमुखदास भावनानी**

# इजराइल-हमास युद्ध,अमेरिका अचानक युद्ध विराम पर जोर देने के पक्ष में



वैश्विक स्तरपर हर लोकतांत्रिक देशों में पक्ष और विपक्ष द्वारा अपनी हर राजनीतिक रणनीति अपने और पार्टी के चुनावी हित को देखकर बनाना लाजमी है, क्योंकि चुनावी गणित जब जात धर्म भाषा यहां तक कि किसी देश को किस मुद्दे पर समर्थन असमर्थन यूएन में वोटिंग अब्सेंट अरगुमेंट किन्हीं देश के आपसी तनातनी या युद्ध से कोई बचाव या समर्थन की इसकी चुनावी गणित का देखते हुए करना लाजमी भी है, क्योंकि अगर अपनी सरकार को बनाए रखना है या विपक्ष को सरकार पर काबिज होना है तो यह खेला खेलना ही पड़ता है ताकि उनके देश में लाखों ऐसे वोटरान होते हैं जो इन्हीं मुद्दों से प्रभावित हो सकते हैं जिसे अपने पक्ष में समर्थन के लिए तैयार किया जा सकता है, दूसरों शब्दों में उन्हें विशेष कैटेगरी के वोटरों को नाराज नहीं करना है जो उन्हें अपना समर्थन देते हैं।हम अभी भारत में पांच राज्यों में चुनाव संबंधी हो रही पीएम और मुख्यमंत्रीयों की रैलियों में देख रहे हैं कि किस तरह सदा हुआ नपा तुला बयान भ्रष्टाचार व अन्य विवाद, आरोपो, मुद्दों आरोपी पर बयान दे रहे हैं ताकि कोई वोटरों का बिखराव ना हो परंतु उनके लिए ही कंट्रास्ट भी किया जा रहे हैं, मसलन अगर 1 वर्ष में 13.5 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं तो दूसरी तरफ अगले 5 वर्षो तक फ्री राशन देने की घोषणा की जा रही है ठीक उसी तरह कंट्रास्ट अभी अमेरिका में भी हो रहा है, भारत कनाडा विवादों में उसका मूल कारण हम मीडिया में पढ़ चुके हैं,जहां एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति इजरायल हमास युद्ध में इसराइल को अपनी रक्षा के अधिकार में हमास पर ताबड़तोड़ हमलों को जायज बताया था और पूरी रक्षा सामग्री उपलब्ध कराई है तो वहीं कंट्रास्ट में दूसरी ओर दिनांक 3 नवंबर 2023 को विदेश मंत्री दूसरी बार इजराइल गए हैं जो संभावित है वहां मानवीय युद्ध विराम पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी अरबी नागरिकों की नाराजी चुनाव में इतनी भारी पड़ सकती है। चूंकि अमेरिका अचानक मानवीय युद्ध विराम पर जोर देने लगा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका का हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता है कि सभी नागरिकों की सुरक्षा की जाए। साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मेइसराइल हमास युद्ध से चुनावी चिंतन की करें तो, अरब अमेरिकी मतदाताओं ने इज़राइल के लिए बाइडेन के निरंकुश समर्थन की आलोचना की है। फॉरेन पॉलिसी ने एक हालिया सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि बाइडेन को 2020 में लगभग 59 प्रतिशत अरब अमेरिकियों का समर्थन मिला, जो अब घटकर सिर्फ 17 प्रतिशत रह गया है। लेकिन इस पर बाद में और अधिक जानकारी आई कि एपी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के दक्षिण फ्लोरिडा में रब्बी और यहूदी नेता समुदाय के सदस्यों को इजराइल का भरपूर समर्थन करने के लिए सांसदों को बुलाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि यह अपना आक्रामक रुख बढ़ा रहा है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनावों में फ्लोरिडा में जीत हासिल की। एपी वोटकास्ट के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर, 30 प्रतिशत यहूदी मतदाताओं ने ट्रम्प का समर्थन किया, फ्लोरिडा के लगभग 43 प्रतिशत यहूदी मतदाताओं ने उनका समर्थन किया। एपी के अनुसार कि अगर फ्लोरिडा को एक बारहमासी प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल करनी है, तो यहूदी मतदाता बाइडेन के इज़राइल-हमास युद्ध से निपटने को किस तरह से देखते हैं, यह महत्वपूर्ण होगा। 2020 में बाइडेन की व्हाइट हाउस जीत सुनिश्चित करनेवाले प्रमुख राज्योंमें से एक था।2024 के राष्ट्रपति चुनावों से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भी एक चुनावी चिंता का विषय है। मिशिगन में डेमोक्रेट्स ने व्हाइट हाउस को चेतावनी दी है कि इजरायल हमास युद्ध से निपटने के कारण बाइडेन महत्वपूर्ण अरब अमेरिकी समुदाय के भीतर उनके समर्थन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 3 नवंबर 2023 को विदेश मंत्री की इजराइल दौरे के कारणों पर कयास लगाने की करें तो, संयुक्त राज्य अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक गाज़ा युद्ध में मानवीय विराम के लिए पश्चिम एशियाई देश पर दबाव डालने के लिए इज़राइल में हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक महीने में पश्चिम एशिया की अपनी दूसरी यात्रा पर 3 नवंबर को तेल अवीव में इजरायल के प्रधान मंत्री से मुलाकात की। उनकी यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हाल ही में कहे जाने के बाद हो रही है कि हमास के साथ इजरायल के युद्ध में मानवीय विराम होना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने मिनेसोटा में एक धन संचयन कार्यक्रम में कहा कि एक विराम का मतलब कैदियों को बाहर निकालने के लिए समय देना है। इज़राइल की अपनी यात्रा से पहले ब्लिंकन ने कहा कि वह संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदमों पर चर्चा करेंगे। मीडिया न्यूज ने उनके हवाले से कहा कि हमने हाल के दिनों में देखा है कि फिलिस्तीनी नागरिकों को इस कार्रवाई का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। ब्लिंकन इज़राइल को लड़ाई में विराम के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर को घेर लिया है, जिसे पश्चिम एशियाई राष्ट्र हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे का केंद्र कहते हैं। इसके अलावा, युद्ध के शुरुआती दिनों में इज़राइल को अपना निर्बाध समर्थन देने के बाद, अमेरिका ने अब अपना सुर क्यों बदल लिया है?

साथियों बात अगर कर हम इसराइल-हमास युद्ध में राष्ट्रपति की प्रारंभिक प्रतिक्रिया की करें तो, 7 अक्टूबर को पश्चिम एशियाई राष्ट्र पर हमास के आश्चर्यजनक हमले के बाद अमेरिका ने इज़राइल के अपनी रक्षा के अधिकार पर जोर दिया। बाइडेन ने उस समय कहा था कि हम इज़राइल के साथ खड़े हैं। और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इजराइल के पास अपने नागरिकों की देखभाल करने, अपनी रक्षा करने और इस हमले का जवाब देने के लिए वह सब कुछ है जो उसे चाहिए। दूसरी ओर, संघर्ष में फिलिस्तीनी नागरिकों की रक्षा के लिए उनका आह्वान मौन था। अमेरिका ने यह भी कहाथा कि वह इज़राइल को अपना सैन्य समर्थन बढ़ा रहा है, यहूदी राष्ट्र को वायु रक्षा क्षमताएं और युद्ध सामग्री प्रदान कर रहा है। पश्चिम एशिया में अन्य देशों या उग्रवादी समूहों को युद्ध में शामिल होने से रोकने के लिए अमेरिका ने गाइडेड-मिसाइल क्रूजर से लैस एक विमानवाहक पोत को इज़राइल के निकट जल क्षेत्र में भेजा था। जैसे ही इज़राइल द्वारा लगातार जवाबी हवाई हमलों के कारण गाजा में हताहतों की संख्या बढ़ी, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने मारे गए फिलिस्तीनियों की कथित संख्या पर भी संदेह जताया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इजराइल-हमास युद्ध - अमेरिका अचानक मानवीय युद्ध विराम पर जोर देने के पक्ष में हैं।अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति चुनाव का गणित- इजराइल हमास, रूस यूक्रेन युद्ध के प्रभाव का आंकलन अमेरिका का हर संभव यह प्रयास करने की प्रतिबद्धता है कि सभी नागरिकों की सुरक्षा की जाए।

एक नजर

### भरोसे का घोषणा पत्र में अनियमित कर्मचारियों की सूध नहीं : हारुन



**राजनांदगांव 6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए भरोसे का घोषणा पत्र में अनियमित कर्मचारियों की थोड़ी सी भी सूध नहीं लेने पर गहरी चिंता जताई है। मानिकपुरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी किए गए भरोसे का घोषणा पत्र में कर्मचारियों एवं एवं अनियमित कर्मचारियों की थोड़ी सी भी सूध नहीं लिया गया है। भरोसे का घोषणा पत्र में सिर्फ किसान और परिवहन व्यवसायियों को साधने का प्रयास किया गया है। प्रदेश भर के अनियमित कर्मचारी संगठन पांच नवंबर को जारी किए जाने वाले घोषणा पत्र पर नजर बनाए हुए थे। जैसे ही छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा भरोसे का घोषणा पत्र जारी किया गया। अनियमित कर्मचारी संगठन अपने हित के अनुसार घोषणा पत्र में कुछ भी उल्लेख नहीं होने से अनियमित कर्मचारियों में मायूसी छाई हुई है।

### 7 नवम्बर को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवम्बर अपरान्ह 6.30 बजे तक एग्जिट पोल कराने व प्रकाशन पर प्रतिबंध

**सुकमा, 6 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार व किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल व किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### दलाल किस्म के नेताओ की कांग्रेस पार्टी में नही है कोई जगह : राजू साहू



**सुकमा, 6 नवम्बर।** सुकमा के कथित नेता कपिल सिंह जिन्होंने आज जगदलपुर में भाजपा पार्टी ज्वाइनिंग की है। ये कपिल सिंह जब कांग्रेस की सरकार बनी थी उस समय आकर कांग्रेस में प्रवेश किया। कपिल ठाकुर जब गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे, तब कांग्रेस पार्टी ने ही उनकी आर्थिक सहायता की, बाद में उनके कार्यशैली को कांग्रेस समझ गई थी इसलिए कोई जिम्मेदारी नही दी गई थी। क्योंकि ऐसे दलाल टाइप के नेता जिनका कोई जनाधार नही है। जिसकी असिलियत कांग्रेस जान चुकी थी। उनका कोई जनाधार नही है। ऐसे लोग एक दूसरे पार्टी में जाकर अपना उल्लू सीधा करते है। यहाँ सुकमा के भाजपाइयो ने उनको स्थान नही दिया, वो नही चाहते थे कि कपिल सिंह भाजपा में आए इसलिए जगदलपुर जाकर भाजपा में प्रवेश किया है। उनका नकाब उतर चुका है। कपिल सिंह के भाजपा में जाने से कांग्रेस को फायदा होगा।

### भीषम लाल और शांताराम साहू ने किया भाजपा प्रवेश

**कुरुद 6 नवंबर।** गत दिनों ग्राम गातापार (ह) निवासी भीषम लाल साहू और शांताराम साहू ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर कुरुद नगर में विधायक अजय चंद्राकर ने उन्हें भाजपा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया और भाजपा में प्रवेश कराये। इस अवसर पर दोनों साहू बंधुओ ने अजय चंद्राकर का आभार माना और स्वेच्छा से भाजपा में मिलने की बात कही। उन्होंने बताया कि वे दोनों कांग्रेस के लिए काम करते थे ।जब उन पर मुसीबत आयी तो भाजपा ने उनके साथ दिया था। इसीलिए स्वेच्छा से वे भाजपा में प्रवेश कर लिया। भीषम लाल साहू और शांताराम साहू ने बताया कि वे तन मन धन से भाजपा और अजय चंद्राकर के लिए काम करेंगे।

# ठग विद्या में माहिर है भाजपा:भूपेश बघेल

## मोदी की गारंटी पर जनता कैसे करे भरोसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस पार्टी की घोषणा पत्र जारी करने के बाद सुकुल दैहान, मोतीपुर, मोहड़ , टेडेसरा की जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास ऐसा कोई नेता नहीं जो जनता का भरोसा जीत सके इसी लिए ठग विद्या में माहिर मोदी की गारंटी रुपी जुमले भरे घोषणा पत्र जारी कर आम जनता को गुमराह करने का काम किया है धान का कटोरा छत्तीसगढ़ में किसान कर्ज की मार से बेबस होते है उसके लिए भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कोई उल्लेख न कर किसानों के साथ फिर से क्रूर अन्याय किया है बिजली बिल, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कोई बात ना कर अपने कुनीति का परिचय दिया है वही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में फिर से किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की है वहीं 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने के साथ-साथ गैस में 500 रु की छूट देने के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में के जी से पी जी तक निशुल्क शिक्षा देने की घोषणा कर अपने विकासशील सोच को प्रदर्शित किया है कांग्रेस सरकार धान के समर्थन मूल्य को 32 सौ रु तक पहुंचने का एक ढांचा तैयार किया है जातिगत जनगणना के साथ-साथ शिक्षा में क्रांतिकारी कदम में सभी सरकारी स्कूलों को आत्मानंद स्कूल बनाने का संकल्प लिया है संस्कारधानी राजनादगांव से प्रेरणा लेकर अंतेष्टि के लिए लकड़ी और कंडे की मुफ्त सहायता भी कांग्रेस ने करने का घोषणा किया है भाजपा को आडे हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने चिरपरिचित आक्रामक तेवर में कहा कि छत्तीसगढ़ की योजनाओं को भाजपाई रेवाड़ी की संज्ञा देते हैं जबकि इन्हीं योजनाओं के दम पर हमने 40 लाख परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है 17 लाख परिवारों के आवास की परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए प्रथम किस्त के रूप में राशि का हस्तांतरण उनके बैंक खातों में कर दिया है सबसे हास्यापद यह है कि डिजिटल कैश की बात करने वाली भाजपा ग्राम पंचायत स्तर पर धान खरीदी की राशि का वितरण कर अपने भाजपाइयों को कमीशन देने का एक मास्टर प्लान तैयार किया है।

# मतदान सामग्री वितरण के लिए बनाया गया केन्द्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 नवम्बर।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियां पूरी कर ली गई है। विधानसभावार मतदान सामग्री वितरण के लिए केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दलों को 6 नवम्बर 2023 को सुबह 7 बजे से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा।

मतदान तिथि मंगलवार 7 नवम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। जिले में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 173 है, जिसके लिए स्वामी आत्मानंद हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगढ़ को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 252 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 192 है, जिसके लिए डॉ. बीआर अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के मतदान केन्द्रों की संख्या 97 है, जिसके लिए स्टेट वेयरहाऊस पिपरिया खैरागढ़ में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। इसी तरह मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के मतदान केन्द्रों की संख्या 69 है, जिसके लिए शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला से मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण की जाएगी। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी। जिले में 840 मतदान केन्द्र के लिए 1050 पीठासीन अधिकारी, 1050 मतदान अधिकारी-1, 1050 मतदान अधिकारी-2, 1050 मतदान अधिकारी-3 के रूप में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



# भाजपाई भ्रष्टाचार और योगी के बुलडोजर आतंक पर जनता करेगी प्रहार:गिरीश देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 नवंबर।** विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने व्यापक और सघन जनसंपर्क करते हुए कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव में जिस प्रकार से भाजपा ने अपने बुलडोजर आतंक का प्रदर्शन किया है जो संस्कारधानी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति के विपरीत है भाजपा सिर्फ धार्मिक उन्माद और आतंक के मार्ग पर चलकर राजनीति करना चाहती है छ ग में 15 वर्षीय भाजपा सरकार के कुशासन में आम जनता के हितों पर कोई ध्यान न देकर सिर्फ और सिर्फ कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार को संरक्षित करने का काम किया आम जनता की गाढ़ी कमाई को चिट फंड कंपनियों में डुबोने का पाप भाजपा ने किया है किसानों के साथ भाजपा ने जो अन्याय अत्याचार किया वो जग जाहिर है और अब जब कांग्रेस सरकार ने 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की थी तो भाजपा इसका विरोध करते नजर आ रहे थे । भाजपा अपने घोषणा पत्र में संविदा कर्मचारियों के बारे में घोषणा पत्र में स्थान न देकर यह जता दिया की उनके लिए कुछ नही है, कर्ज माफी की बात ना कर किसानों को कर्ज के तले दबे रहे कि मंशा को उजागर किया है छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व के संकट से गुजर रहा है और छत्तीसगढ़ में एक भी ऐसा नेता नहीं है जो अपनी जनता के लिए किए जाने वाले कार्य की गारंटी दे सके इसलिए मोदी की गारंटी रूपी डूबती नाव का सहारा ले रहे हैं ।9 साल में मोदी जी के कार्यकाल में देश की जनता ने महंगाई बेरोजगारी नोटबंदी जीएसटी जैसे अन्याय का सामना कर रहे हैं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाले कांग्रेस सरकार ने सर्वहारा वर्ग का ध्यान रखते हुए आम जनता के हितों का सुखद परिणाम की योजनाएं लागू की राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में अदूरदर्शिता की जो विनाश रूपी गाथा लिखी गई है उसे उबरने के लिए जनता का मन बनाया जा रहा है ।

# चुनाव पूर्व जिले के 31 क्षेत्रों में पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 6 नवंबर।** पुलिस महानिरीक्षक राहुल भगत (भापुसे) राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह जिला मोहला मॉनपुर अं चौकी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) प्रशांत कतलम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अं चौकी अर्जुन कुर्रे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मॉनपुर मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव 2023 सम्पन्न कराने जिला बल और उपलब्ध केंद्रीय पैरामिलिट्री एवं सशस्त्र बल के कुल 2573 अधिकारी व जवानों ने एक साथ आज 05.11.2023 को दोपहर 12:00 बजे से सम्पूर्ण जिला अंतर्गत कुल 31 क्षेत्रों में फ्लैगमार्च किया गया। शतप्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने एवं सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाने खड़गाव बस्ती, मदनवाड़ा बस्ती, पाटनखास-तोयागोंदी बस्ती, अम्बागढ़ नगर के पारा मोहल्ला बस्ती,कोहका-हलोरा-कोरकोटटी रोड पारा मोहल्ला,सीतागांव- हलोरा रोड पारा बस्ती, औंधी पारा मोहल्ला-पालेपट्टी- साल्हेभट्टी बस्ती,डोमिकला बस्ती, नवागांव बस्ती, सरखेड़ा बस्ती, बसेली बस्ती,टोह बस्ती, मरकेली बस्ती,कोसमी बस्ती,कुम्हली बस्ती, शेरपार बस्ती, मॉनपुर बस्ती- फड़की बाजार पारा, भोजटोला-सांगली बस्ती, पाटनखास-पाटनटोला बस्ती, वासडी पारा मोहल्ला, टाटेकसा बस्ती, चिल्हाटी-मरकाटोला मोहल्ला बस्ती, कोरचटोला बस्ती, डोमिकसा - मुरेटिटोला बस्ती, हंजुटोला बस्ती, पेंदुलकुही बस्ती, कुम्हारी बस्ती, मोहला पारा मोहल्ला बस्ती,भर्रीटोला बस्ती, आलकन्हार बस्ती, हथरा बस्ती में सीआरपीएफ के 120 वीं, 319 वीं, 320 वीं, 321 वीं, 323 वीं, 324 वीं, 327 वीं, 328 वीं वाहिनी, तथा बीएसएफ के 32 वीं, 158 वीं, 170 वीं 425 वीं, 442 वीं, 443 वीं, वाहिनी के कुल 2503 अधिकारी व जवानों ने जिला बल के 73 अधिकारी व जवानों ने मॉनपुर क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक नेतृत्व में एवं मोहला क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक साथ एक समय पर कुल 31 क्षेत्रों में फ्लैगमार्च किया गया।

# योगी आदित्यनाथ ने बस्तर की आम सभा में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना



**सुकमा 6 नवंबर।** 7 नवंबर को बस्तर मे होने वाले मतदान को लेकर आज ही प्रचार का दिन है और आज शाम 5 बजे प्रचार अभियान पूरी तरह से थम जायेगा और आज बस्तर मे प्रचार करने के लिए स्टार प्रचारक के तौर पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बस्तर विधानसभा पहुंचे जहा उन्होंने भाजपा प्रतियाशी के लिए आम जनता से समर्थन मांगा जैसे योगी मंच पर पहुंचे तो जनता ने उनका स्वागत बुलडोजर बाबा किं जय हो के साथ नारा लगाया वंही मंच से संबोधन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को प्रणाम किया और भाजपा नेता की हत्या को लेकर कहा कांग्रेस के इशारे मे नक्सलियो ने उनकी हत्या की है पार्टी का हर कार्यकर्ता स्वर्गीय रतन दुबे के परिवार के साथ हमेंशा खड़ा रहेगा और उनके हत्यारो को जरूर सजा मिलेगी साथ ही मंच से स्वर्गीय बलीराम कश्यप को भी याद करते हुए कहा कि उनके कारण ही बस्तर मे कमल खिला है आगे भी आप लोगो के आशीर्वाद से पूरे प्रदेस मे कमल को खिलाना हैं उन्होंने भगवान राम के सहयोगी यंहा के आदिवासी को बताया हैं कहा कि उनकी असली सेना यंहा के आदिवासी ही है इन आदिवासियो की सेना से ही नक्सलवाद और धर्मान्तरन का खात्मा होगा कहा कि बस्तर के लोगो को सरकार चुनने का समय भगवान राम की अयोध्या मंदिर का निर्माण का वक्त है और मोदी जी ने जो गरीबो को दिया था मकान उसे भूपेश की सरकार ने केंद्र से आया पैसा को भी गबन कर दिया है लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश और बस्तर के 18 लाख गरीबो को मकान बना कर देगी कांग्रेस सरकार ने गरीबो के हको पर डाका डाला है इस सरकार ने पूरे प्रदेश मे घोटाले कर सीमा पार कर दी है चारा के बाद गोबर घोटाला सबसे बड़ा घोटाला हुआ है भजापा की सरकार बनते ही सभी घोटाले की जांच किया जाएगा और जो भी दोषी होगा उसे जेल भेजा जाएगा वंही कहा की डबल इंजन की सरकार आ रही है यूपी का बुलडोजर भी चढ़ेगा लव जिहाद के नाम।पर भजापा नेताओ को हत्या की जा रही है ये स्वीकार कभी नही होगा पूरे प्रदेस मे अब एक ही नारा अब नही सहिबो बदल के रहिबो कांग्रेस सरकार

## छत्तीसगढ़ में योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे माहौल बनाया

# अयोध्या का मंदिर देश में राम राज्य की शुरुआत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 6 नवंबर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देश में राम राय की शुरुआत होगी, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा. उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में अपने साढ़े नौ साल के शासन के दौरान योजनाओं के माध्यम से राम राय की नींव रखी है. वह चुनावी राय छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोंटा में एक रैली को संबोधित कर रहे थे.

यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा, राम राय शब्द आमतौर पर प्राचीन काल में परोपकारी शासन के उच्तम स्तर को दर्शाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था. पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल में गरीबों के लिए मुफ्त



राशन, आवास, गैस, शौचालय, नल से जल और स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करवाकर देश में राम राय की नींव रख दी है.

उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जनवरी में पूरा हो जाएगा. इससे यूपी से यादा छत्तीसगढ़ के लोगों को खुश होना चाहिए क्योंकि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है. अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देश में राम राय की घोषणा की शुरुआत होगी. योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा, राम राय का अर्थ है एक ऐसा शासन जहां जाति और धर्म के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव न हो. योजनाओं का लाभ गरीबों, वंचितों और आदिवासियों सहित सभी तक पहुंचे. सभी को सुरक्षा, सुविधाएं और संसाधनों पर अधिकार मिले. यही राम राय है.

**कांग्रेस अपने आप में समस्या है, इससे जल्द छुटकारा पाएं :** यूपी के सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर के निर्माण में बाधाएं डालीं. योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर राय में लव जिहाद और धार्मांतरण को प्रोत्साहित करने का भी आरोप लगाया. कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, यहां की सरकार लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर चुप है. वह हर तरह से ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है. यह सरकार नहीं समस्या है. उन्होंने जनसभा में आई भीड़ से आग्रह किया, कांग्रेस अपने आप में एक समस्या बन गई है. जितनी जल्दी हो सके इस समस्या से छुटकारा पाएं और छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार करने में हमारा साथ दें.

**छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को 20 सीटों पहले चरण का मतदान :** योगी आदित्यनाथ ने भूपेश बघेल सरकार पर कोयला, शराब, खनन और लोक सेवा आयोग के माध्यम से की गई भर्तियों में घोटाले का भी आरोप लगाया. कोंटा उन 20 सीटों में से एक है, जहां 7 नवंबर को छत्तीसगढ़ में पहले चरण में मतदान होगा. भाजपा ने यहां से कांग्रेस विधायक और मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ सोयम मुका को खड़ा किया है.

समाचार संक्षेप

### हाकी प्रेमियों को डा रमन से बडी उम्मीद:कोमल सिंह

**राजनांदगांव 6 नवंबर।** राजनांदगांव की हॉकी प्रेमी जनता का सबसे बड़ा सपना था तो वह था यहां अंतर्राष्ट्रीय हांकी मैच का आयोजन और इसे पूरा किया था डॉक्टर रमन सिंह ने। उक्त बात प्रदेश भाजपा किसान प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत ने कही। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम बनाने के बाद डॉक्टर रमन सिंह ने यहां भारत व विश्व विजेता ऑस्ट्रेलिया के बीच हांकी का सबसे रोचक मुकाबला करवाया जिसका दूरदर्शन द्वारा दुनिया के 156 देश में सीधा प्रसारण भी किया गया। देश-विदेश से मीडिया वाले इस मैच को कवर करने आए और यहां आकर हांकी के प्रति स्थानीय लोगों की रुचि, समझ व प्रेम को प्रत्यक्ष देखकर माना कि यूं ही नहीं कहा जाता है। इस भव्य आयोजन को राजनांदगांव की जनता हमेशा याद करती है क्योंकि यह राजनांदगांव के लिए गौरव का प्रसंग था कि इस आयोजन का दूरदर्शन द्वारा सीधा प्रसारण दुनिया के 156 देशों में हुआ था। कोमलसिंह ने एक प्रेस नोट के माध्यम से खेलकूद से जुडे लोगों और विशेषकर खिलाडियों को आर्श्वशत करते हुए कहा कि भाजपा की सत्ता फिर आने वाली है और एक बार फिर हांकी सहित अन्य खेलों में राजनांदगांव राष्ट्रीय नक्शे में होगा। कोमल सिंह ने कहा कि इसके पूर्व भी राजनांदगांव की प्रसिद्ध महंतसर्वेश्वरदास हांकी प्रतियोगिता में श्रीलंका व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों से सुसज्जित पकिस्तान की हांकी टीम वाहिद क्लब को बुलवाकर इस प्रतियोगिता का स्तर बढाते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय पहचान देने की भी कोशिश की जो अति प्रशंसनीय व सराहनीय है। राजपूत ने कहा कि हाकी को पुनर्जीवित करने के लिए डॉक्टर रमन सिंह के प्रयास बैजोड है और हांकी प्रेमियों को पूरी उम्मीद है कि प्रदेश में फिर भाजपा सत्ता में काबिज होगी तो डा रमन स्थानीय हांकी प्रेमियों एवं खिलाडियों को फिर एक अच्छा तोहफा देंगे।

### व्यय प्रेक्षक डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश



**राजनांदगांव 6 नवम्बर।** विधानसभा डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव के व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे ने रेस्ट हाऊस राजनांदगांव में एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, सहायक व्यय प्रेक्षक एवं उडऩदस्ता दल की बैठक लेकर आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिए। इसी तरह व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे ने रेस्ट हाऊस डोंगरगढ़ में एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ श्री गिरिश रामटेके, सहायक व्यय प्रेक्षक, उडऩदस्ता दल को मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिया।

### कुरूद में सुवा नृत्य करती टोली दिखने लगी



**कुरूद 6 नवंबर।** जगमग रोशनी के महापर्व दीपावली के नजदीक आते ही हर वर्ग इसे धूमधाम से मनाने तैयारी में जुटे गए है। इस बार भी दीपावली पर्व में व्यापारी वर्ग अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लिए ग्राहकों की आस में अपने दुकानों में पर्व को चार चांद लगाने वाले वस्तुओ को सजाकर बैठे है। वही कुम्हार वर्ग भी मिट्टी के दिए सहित अन्य सामानो के साथ अच्छे व्यवसाय की उम्मीद लगाए हुए हैं। इस बीच कुरूद नगर में ग्रामीण अंचल व कुरूद की ही प्यारी-प्यारी बेटिया पारंपरिक सुवा नृत्य की मनमोहक गूंज लिए कुरूद में अपनी परंपरा का निर्वहन कर रही है।विदित है कि हमारे छत्तीसगढ में सुवा नृत्य की मोहकता ही दीपावली त्यौहार को महकाती है।बेटियों की टोली हर गली मुहल्ले में सुवा नृत्य की गूंज से इन दिनों गूंज रही हैं।इसी के साथ ही हर वर्ग इस पर्व को मोहक बनाने के लिए अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। विदित है कि छत्तीसगढ़ में परम्पराओं की महकती बगिया है जहां लोकगीतों की अजस्र रसधार बहती है। लोकगीतों की इसी पावन गंगा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की स्प्ष्ट झलक दृष्टिगत होती है। छत्तीसगढ़ में लोकगीतों की समृद्ध परम्परा कालांतर से लोक मानस के कंठ कंठ में तरंगित रही है जिसमें भोजली, गौरा, सुआ व जसगीत जैसे त्यौहारों में गाये जाने वाले लोकगीतों के साथ ही करमा, ददरिया, बांस, पंडवानी जैसे सदाबहार लोकगीत छत्तीसगढ़ के कोने कोने से गुंजायमान होती है।

एक नजर

## खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



**पत्थलगांव,6 नवंबर।** दिन शनिवार को जोगपाल पब्लिक स्कूल में खेलों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया,जोगपाल के विद्यार्थी नेशनल,इंटरनेशनल लेबल पर अपनी प्रतिभा का लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उनके उत्साह वर्धन के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। अंडर-19 में कक्षा 12वीं के आर्यन पटेल के पिता राजेश पटेल (कराटे),तरंग तुषार टोप्पो(एथलेटिक्स वेटलिफ्टिंग ),अंडर 17 में आकाश यादव(कुश्ती), वालिनी सिंह (कुश्ती), आदिति अग्रवाल(कुश्ती) परमजीत कौर भाटिया(कुश्ती), मयंक बारिया(एथेलेटिक्स), हर्ष नायक(एथेलेटिक्स), समीर नेताम(एथेलेटिक्स), सौम्या मिश्रा(वेटलिफ्टिंग), निश्चल अग्रवाल(वेटलिफ्टिंग ),भवानी राठिया,भास्कर पाठक (कुश्ती) सक्षम गुप्ता(शतरंज) के अलावा अंडर 14 के दर्जनो बच्चे शामिल रहे,सभी बच्चो को मुख्य अतिथि धीरेंद्र दुबे,डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया,प्रिंसिपल जोगेंदर मेहर, एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया।।

रंगोली व दीया सजाओ प्रतियोगिता हुयी आयोजित-:आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुये जोगपाल पब्लिक स्कूल मे कक्षा छठवीं से 12वीं के छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया,सभी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाएं और कक्षा छठवीं से 12वीं छात्रों ने तोरण मेकिंग कंपटीशन में भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता और तोरण मेकिंग प्रतियोगिता इंटर हाउस कंपटीशन थे,तोरण मेकिंग में सतलुज हाउस प्रथम स्थान पर,कावेरी हाउस द्वितीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महानदी हाउस, द्वितीय स्थान पर नर्मदा हाउस रहे।

## भाजपा है तो विकास है, कांग्रेस का सूपड़ा साफ है:संतोष अग्रवाल

**राजनंदगांव।** जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि भाजपा है तो विकास है और इस विकास के जरिए भाजपा पुनः सत्ता पर आएगी। भाजपा के संकल्प पत्र के जारी होने के बाद प्रदेश में भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है और लगता है कि इस बार भूपेश के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का सूपड़ा साफ है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के रोड शो में आज भीड़ को देखकर यह कहा जा सकता है कि भाजपा के विकास पर लोगों का विश्वास बढ़ा है और वे पूरे मन से भाजपा को विजयश्री का सेहरा पहनाने के लिए मन बना चुके हैं।

जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के रोड शो में आज उमडी ऐतिहासिक भीड़ को देखकर कांग्रेस में हलचल मच गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता यह समझ चुकी है कि भाजपा है तो विकास है। पिछले 5 साल में कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल को प्रदेश की जनता देख चुकी है और इस दौरान विकास कार्यों के न होने से उनमें भारी मायूसी है, वह यह समझ चुकी है कि कांग्रेस के लोग केवल अपना विकास चाहते हैं उन्हें प्रदेश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। राजनांदगांव में भी विकास थम सा गया है। इन 5 सालों में एक भी विकास के कार्य नहीं हुए बल्कि भाजपा शासन काल में जो विकास कार्य शुरू हुए थे, वह रुक गए सीवरेज वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट जो बूढ़ा सागर में तैयार हो रहा था,वह रुक गया और वहां अब झाड़ियां दिखने लगी है। विकास के लिए आए पैसे कहां गए इस संबंध में कांग्रेस की स्थानीय सत्ता मौन साधे हुए है। आज तक या प्लांट तैयार हो जाना था किंतु कांग्रेस की उदासीनता के चलते यह प्लांट तैयार नहीं हो पाया। बूढ़ा सागर में आज भी गंदा पानी जा रहा है।

कांग्रेस की स्थानीय सरकार ने शहर के बगीचों के द्ध की ओर भी ध्यान नहीं दिया और आज यह आलम है कि शहर का एक भी गार्डन दुरुस्त नहीं है। जो है उसकी शुद्ध कांग्रेस की स्थानीय सट्टा ले नहीं रही है और नए गार्डन तैयार करने की घोषणा कर उसमें लाखों रुपए लगाने की बात की जा रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के छलावे में अब जनता नहीं आने वाली है और वह 7 नवंबर को भाजपा को अपना मत और समर्थन देकर उसे प्रदेश की सत्ता में बैठाने का मन बना चुकी है।

# अमितेश शुक्ल ने फिंगेश्वर में किया अपने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 6 नवंबर।** कांग्रेस जो कहती है वह करती है हम नकल करने में विश्वास नहीं करते आपने देखा कि हमारे मुख्यमंत्री ने घोषणा पत्र के पूर्व ही 17 घोषणाएं कर दी थी और उन्ही घोषणाओं को कम ज्यादा कर भाजपा ने उसे अपना संकल्प पत्र के नाम से छ.ग. की सीधी साधी जनता के समक्ष नकलची टाईप परोसा है आज फिंगेश्वर में साप्ताहिक बाजार के दिन हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार अमितेष शुक्ल ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र पर लोगों को विश्वास नहीं है अपने शासन काल में इन्होंने 2200 रू. प्रति क्विंटल धान खरीदी की बात कही थी पर दिया नहीं उत्तरप्रदेश में जहां आज इनकी सरकार है जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद चुनाव लड़ते है वहां फसल का समर्थन मूल्य क्या है पहले इस बात का पता लगाया जाये भाजपा के लोग बहकाने और भ्रम फैलाने का काम करते है ये किसानों के कर्जा माफी की बात कर रहे है किंतु ये स्पष्ट नहीं है कि किस वर्ष का कर्जा 2023-24 का या आने वाले वर्ष का, फिर इसी बात पर मुकर भी जायेंगे की हमने कर्जा माफी का समय ही नहीं लिखा था। प्रति व्यक्ति को 15 लाख रू. देने का भ्रम प्रचारित किया गया उसी प्रकार मोदी जी ने प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही और जनता को गुमराह किया गया। भाजपा के 2016-17 का बोनस अब देने की बात करते है जब देना था तब दिया नहीं। स्वयं को बाहरी प्रत्याशी निरूपित किये जाने की बात को खारिज करते हुए अमितेश शुक्ल ने कहा कि मैं राजिम क्षेत्र के किरवई गांव का निवासी और मतदाता हूँ किरवई में ही मेरी 10 एकड़ की खेती है जिसे देखना हो आकर देख लें महादेव सट्टा एप्प के 508 करोड़ रूपए भूपेश बघेल को दिए जाने के आरोप पर अमितेश शुक्ल ने कहा कि आरोप लगाना आसान है राजनीति में आरोप लगते ही रहते है पर इसे सिद्ध भी करना चाहिए चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर अमितेश शुक्ल ने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इसी क्षेत्र से पंडित श्यामाचरण शुक्ल लगातार निर्वाचित होते रहे है प्रदेश तथा केन्द्रीय स्तर पर राजिम का प्रतिनिधित्व करते रहे है उनके बाद लंबे अरसे से मैं भी इस क्षेत्र के लोगों को अपने पारिवारिक सदस्यों की तरह मानता हूँ इसलिए हमें इतिहास को भूलना नहीं है सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर कांग्रेस पार्टी की विजय के लिए काम करें। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए अमितेश शुक्ल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया कार्य में भावसिंग साहू, रूपेश साहू, योगेश साहू, बिसौहा हरित, ओमप्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, करीम खान, रामकृष्ण तिवारी, अनिल चंद्राकर, डोंगर सिंह मरकाम, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, धनराज सूर्यवंशी, अतुल श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास, युवराज सिन्हा, मनोज सोनवानी, राजर्षि टंडन, बंशी घृतलहरे, लक्ष्मण मांडले, पार्षद सुनीता श्रीवास, टिकेश साहू, महेश साहू, माखन ध्रुव, दुर्गा सिन्हा, कमल भारती आदि उपस्थित रहे।

# विवाद के चलते पोते ने दादी को उतारा मौत के घाट,पिता पर किया प्राणघातक हमला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम /फिंगेश्वर, 6 नवंबर।** आज थाना फिंगेश्वर पुलिस को फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 03.11.2023 को रात्रि करीबन 10.30 बजे आरोपी ईगल पटेल अपने पिताजी धनाराम पटेल व दादी बसंता बाई पटेल को अपने मां से दोनो दुर्व्यवहार करते हो कहकर गुस्से में आकर दोनों को जान से मारने की नियत से डण्डा व हसिया से हमला किया, जिससे आरोपी की दादी मौके पर मृत्यु हो गई। घटाना की विस्तृत जानकारी थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन अति0 पुलिस अधीक्षक डी सी पटेल व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आरोपी को जल्द से जल्द पड़कर हिरासत में लेने हेतु निर्देशित किया गया । थाना फिंगेश्वर पुलिस मौके पर ग्राम चरोदा पहुंची जहां मृतिका बसंता बाई के सिर में ईगल पटेल के द्वारा प्राणघातक हमला करने से मृत अवस्था में जमीन मे पड़ी हुई थी। घटनास्थल पर गंभीर रूप से घायल पड़े धनाराम पटेल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतिका बसंता बाई पटेल के सिर में प्राणघातक हमला करने से मृत अवस्था में पड़ी है कि रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्यवाही में लिया गया प्रकरण में प्रथम दृष्टिया हत्या का पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध धारा 302, 307 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले में फरार आरोपी इंगल पटेल पिता धनाराम पटेल उम्र 32 वर्ष साकिन चरौदा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद को थाना फिंगेश्वर पुलिस स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर दिनांक विधिवत् गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार विजयवार, सउनि प्रहलाद ठाकुर, प्रधान आरक्षक भगवान ठाकुर, आरक्षक गोविन्दा दीवान, रोशन साहु, सुरेन्द्र सिंह नेताम, भरत लाल सेन, किशोर साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अंतागढ़ स्थित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**कांकेर, 6 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में बनाये गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां सुरक्षा के इंतजाम तथा निर्वाचन संबंधी जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

इसके साथ ही वहाँ पर तैनात मेडिकल टीम के सदस्यों से उपलब्ध दवाओं के बारे में जानकारी ली और आपातकालीन स्थिति के लिए सभी जरूरी दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम अंतागढ़ श्री विश्वास कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सरहदी इलाकों से शहर में हो रही गांजा की तस्करी



**पत्थलगांव, 6 नवंबर।** शहर से अनेक राज्यो की सीमा नजदीक होने के कारण सरहदी ईलाको से गांजा की तस्करी एक बार फिर जोर पकड ली है। कुछ दिनो पहले गांजा की एक बडी खेप पत्थलगांव पुलिस ने पकडी थी,जिसमे आरोपियों की गिरफ्तारी हुयी थी,सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार एक आरोपी किसी कारणवश बाहर रह गया था,जिसे बाद मे सरगुजा जिले की पुलिस ने पकडकर उसके असली ठिकाने तक पहुंचा दिया। शहर मे एक बार फिर गांजा की तस्करी एवं उसकी बिक्री जोर पकड ली है। पिछले कुछ समय से यह सिलसिला रूका हुआ था,सुबे के मुखिया की कडाई के बाद प्रदेशभर मे गांजे की तस्करी पर रोक लग गयी थी,परंतु इन दिनो जशपुर जिले मे मादक प्रदार्थ की तस्करी जोरो पर है,जिसके कारण शहर मे भी जगह-जगह पर गांजा बेचा जा रहा है। गांजा आसानी से मिल जाने के कारण युवा वर्ग इस नशे की ओर आकर्षित हो चुके है। जबकि गांजा की तस्करी के कारण ही शहर मे दो वर्ष पूर्व दुर्गा विर्सजन की शोभायात्रा के दौरान हिट एंड रन जैसा वाक्या घटित हो चुका है। इस मामले के बाद ही पूरे प्रदेश भर मे गांजा की तस्करी एवं बिक्री पर सुबे के मुखिया ने सख्ती का चाबुक चलाया था,जिसके बाद सरहदी ईलाको से शहर मे गांजा की तस्करी पर लंबे समय के लिए ब्रेक लग गया था,परंतु इन दिनो एक बार फिर सरहदी ईलाको से शहर के भितर गांजा की खेप पहुंचने लगी है,जिसके कारण युवा एक बार फिर इस नशे की ओर आकर्षित हो रहे है,इन दिनो शाम ढलते ही शहर की फिजाओ मे गांजे की महक आनी शुरू हो जाती है।।

**लाखों का बिकता गांजा-** बताया जाता है कि शहर के भितर हर वर्ष लाखो रूपये का गांजा बेचा जा रहा है,यहा की अनेक बस्तियों मे गांजा का व्यवसाय खुले आम चल रहा है,वहा रहने वाले सभ्रांत लोगो द्वारा इस बात की जानकारी पुलिस को दी जाती है,परंतु कार्यवाही ना होने से अब लोग शिकायत करने मे कतराने लगे है। गांजा के बढते कारोबार के संबंध मे पिछले दिनो पुलिस अधिकारीयों के साथ हुयी बैठक के दौरान शहर के अनेक जनप्रतिनिधियों ने इसकी खुलकर शिकायत की थी,परंतु आज तक नतीजा बेनतीजा ही निकला है।।

टॉक्सीन से नशेडी कर रहे जीवन बर्बाद-:गांजा का सेवन करने वाले नशेडी अक्सर थकान,सर्दी,खांसी एवं फेफ्ढे की बिमारी से ग्रसित रहते है। ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ जेम्स मिंज ने बताया कि गांजा मे टॉक्सीन नामक नशे का प्रदार्थ शामिल रहता है,जिसका सेवन करने से फेफ्ढा के अलावा लीवर एवं दिमाग पूरी तरह काम करना बंद कर देते है। यही कारण है कि इस नशे का सेवन करने वाले लोग ज्यादातर अपराधिक प्रवृत्ति मे शामिल रहते है उनका कहना था कि गांजे का नशा करने के बाद दिमाग मे सोचने समझने की शक्ति शून्य के बराबर हो जाती है,इस कारण नशेडी नशे मे अनेक बार भयंकर घटनाओ को अंजाम दे जाते है।।

--मीडिया की ओर से जानकारी प्राप्त हुयी है,जल्द ही मादक प्रदार्थ बेचने वाले लोगो के संबंध मे जानकारी एकत्रित कर कठोर कार्यवाही की जायेगी।।

उमेश कश्यप-अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक-जशपुर

# झूठा वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस:अजय चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंवरी, 6 नवंबर।** भाजपा कार्यालय कुरूद में 5 नवंबर को भाजपा प्रत्याशी अजय चंद्राकर के द्वारा प्रेस वार्ता किया गया। जिसमे कांग्रेस ने 5 साल तक घोषणा किए हुए वादे को पूरा नहीं कर सका। अपने 36 प्रकार के घोषणा किए जिसमे से 1 को भी सही तरीके से नही कर पाया और भूपेश बघेल भ्रष्टाचार में डूबा रहा। गलत सरकारी आंकड़े पेश कर 17 क्विंटल प्रति एकड़ बताया गया था एवम विधानसभा में 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने का दावा किया जिसका मैने विधानसभा में पुरजोर विरोध किया। पत्रकारों के द्वारा 21 क्विंटल धान खरीदी के घोषणा पत्र के बारे में पूछने पर उक्त जवाब मिला। गोबर खरीदी में घोटाला किया गया। इस कारण कांग्रेस का विकेट गिरने वाला है और भाजपा सरकार फिर आयेगी। क्योंकि स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई ने छत्तीसगढ़ को बनाए थे उनके सपना को संवारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी के साथ संकल्प पत्र बनाया है। जिसमे 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का दावा किया है। साथ ही 12 हजार सालाना विवाहित महिलाओं को देने का घोषणा किया है। 5500 प्रति मानक बोरी तेंदूपत्ता संग्रह की दर और बोनस 4500 देने का वादा किया है। 10 लाख मुफ्त उपचार का स्वास्थ्य बीमा, 18 लाख परिवारों को पक्का आवास, 500 रूपये गैस सिलेंडर इसके अलावा यूपीएससी के तर्ज पर सभी परीक्षाएं होंगी । दीनदयाल उपाध्याय मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन खेतीहर मजदूर को प्रति वर्ष 10 हजार रुपए, शक्तिपीठ परियोजना चार धाम परियोजना के तर्ज पर 5 शक्तिपीठ के लिए 6000 किमी की परियोजनाएं इस प्रकार अन्य बहुत सी घोषणाएं मोदी ने गारंटी में शामिल किया गया हैं। प्रधानमंत्री आवास के मुद्दे पर टीएस सिंहदेव ने तो इस्तीफा भी दे दिया। कुरूद के भाजपा प्रत्याशी अजय चंद्राकर ने कहा कि घोषणा पत्र के किसी भी 36 बिंदुओं पर जब भी जहां भी चाहे किसी भी के साथ उन बिंदुओं में बहस करने को तैयार हूं। चारभाठा में रेत खदानों के कारण से ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे चुनाव बहिष्कार के मुद्दे पर भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि रेत खदान बाहरी ठेकेदारों को दिया गया है जिस पर कोई प्रशासनिक कार्यवाही नही की जाती है क्योंकि भूपेश बघेल के पास इसका पैसा जा रहा है यह आरोप अजय चंद्राकर ने लगाया है। अभी तक भाजपाइयों ने भूपेश बघेल के चिटफंड के वादे पर किसी भी प्रकार का घेराव नही किया गया है जिसके चलते हजारों निवेशकों का पैसा डूब गया। इस बात को अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार किसी भी वादे को पूरा करने में असमर्थ रही। जिसके कारण जनता अब बदलाव चाहते हैं।

समाचार संक्षेप

## वेस्ट मटेरियल से ओजस ने बनाया आकर्षक टी-टेबल

**महासमुंद।** कुछ वर्ष पूर्व से दैनिक उपयोग व जरूरतों की चीजों में प्लास्टिक का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप प्लास्टिक वेस्ट की बाढ़ सी आ गई। वर्तमान तकनीकी के युग में इलेक्ट्रॉनिक व कलपुर्जे का उपयोग दैनिक जीवन का अहम हिस्सा बन गया। दैनिक जीवन में समावेश होने से अब घरों से प्लास्टिक के साथ साथ इलेक्ट्रॉनिक व मशीनरी के वेस्ट बहुताधिक मात्रा में निकलने लगे है, जिसका निबटान एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में नगर के एक छात्र ने वेस्ट मटेरियल से आकर्षक सामग्री का निर्माण किया है।नगर के वेडनर मेमोरियल स्कूल के छात्र ओजस शुक्ला ने अपने घर के क्षेत्र के अनुपयोगी सामग्री से अत्यंत मजबूत, किफ़ायती व आकर्षक टी टेबल का निर्माण किया है। बनाए गए टी टेबल की खासियत यह है कि उपरोक्त टी टेबल को बनाने में घर में पड़े वाहन के पुराने टायर, नारियल की रस्सी तथा आकर्षक लुक देने के लिए पेंट, कांच का टाप बोर्ड और छोटे-छोटे पत्थर का इस्तेमाल किया है। इसको तैयार करने में लगभग 10 दिन का समय लगा और यह पूरी तरह से इको फ्रेंडली और सस्टेनेबल टी टेबल बनकर तैयार हो गया, इसके लागत मूल्य का मूल्यांकन करे तो बाजार में इस प्रकार के टी टेबल का बाजार मूल्य लगभग पंद्रह हजार है। जबकि इस नन्हें बालक द्वारा इसको तैयार करने में उपयोग में लाई गई सामाग्री का मूल्यांकन किया गया, जिसकी कुल कीमत लगभग 1700 रुपए आंकी गई है। ।गौरतलब है कि स्थानीय घरेलू उपलब्ध और कम संसाधनों मे तैयार किया यह मॉडल अत्यंत किफ़ायती व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतरीन पहल है। ओजस की पहल भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय के मंशा अनुरूप सस्टनेबल मॉडल है तथा उपरोक्त नवाचार हेतु छत्तीसगढ़ मे पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे पर्यावरणविद् विश्वनाथ पाणिग्रही, विजय शर्मा, नूरेन चंद्राकर तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शुक्ला शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## दल ने वाहनों की जांच की, पर्ची भी बांटी




**पत्थलगांव, 6 नवंबर।** स्थैतिक निगरानी दल तिलडेगा द्वारा वाहनों के जांच के साथ-साथ लोगों को पर्चा बांटकर 17 नवंबर दिन शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है एवं अधिक से अधिक संख्या मे अपने नजदीकी मतदान केन्द्र पहुंच मतदान करने हेतु अपिल किया। इस दौरान वेदानंद आर्य बी आर सी सी,सतीश कुमार यादव आर.ए.ई.ओ,घुनेश्वर पैंकरा आर.ए.ई.ओ,प्रधान आरक्षक अकील चन्द्र सोनवानी,आरक्षक अजय कुमार खेस्स,आरक्षक वीरेंद्र बड़ा,आरक्षक पुकेश कुमार साहू,कल्लू राम मरावी, संत कुमार कंवर मुख्य रूप से उपस्थित है।

## छग में अब तो शराबबंदी का चुनावी शिगूफा भी नहीं,हर मुख्यमंत्री नितीश कुमार नहीं हो सकता

**रायपुर।** शराब के दुष्परिणामो को प्रत्यक्ष देख व भोग छत्तीसगढ़ में शराबबंदी की मांग को ले मुखर जनमानस को राज्य में सत्तारूढ़ व प्रमुख विपक्षी दल ने ठेंगा दिखा दिया है । चुनाव के समय शराबबंदी का राग अलापने वाले दोनों दलों ने इस विधानसभा चुनाव में तो शराबबंदी का चुनावी शिगूफा से भी तौबा कर लिया है । शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने यह बात कहते हुये तंज कसा है कि हर मुख्यमंत्री नितीश कुमार नहीं हो सकता । उन्होंने आशंका जताई है कि लोकलुभावन चुनावी वादे करने वाले करने वाले दल सत्तासीन होने पर अपने वादों को अमल में लाने के लिये आर्थिक संसाधन जुटाने गांव - गांव में और अधिक शराब बिकवायेगी और इसका दुष्परिणाम अंततः आम ग्रामीणों को ही भुगतना पड़ेगा । शर्मा ने विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि शराब की वजह से आज आमजन त्रस्त हो चले हैं । शासन की नीति के चलते आज शराबभट्ठी जाने वाला हर पियक्कड़ कोचिया बन बैठा है जिसके चलते ग्रामों का माहौल अशांत हो चला है । मारपीट , लड़ाई - झगड़ा व गाली गलौज आम बात हो गयी है और खासकर शाम ढले तो सभ्य नागरिकों , महिलाओं व नौनिहालों का राह चलना दूभर हो चला है । पूर्व में सत्तारूढ़ रहे भाजपा जहां चरणबद्ध तरीके से शराबबंदी का वादा करने के बाद भी पूर्ण शराबबंदी करने में नाकाम रही वहीं वर्तमान में सत्तारूढ़ कांग्रेस तो शराबबंदी का वादा कर भी पलटी मार गयी । शराब की वजह से बर्बाद हो रहे घर - परिवार , दिनों-दिन बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं व व्याप्त हो रहे अशांति की कीमत पर शराब पीकर मरने वालों की चिंता को ले शराबबंदी न करने के हिमायतियों के रूख से आमजनों को महसूस हो रहा है कि इसके आड़ में शराबबंदी न करने के पीछे कुछ और ही निहित स्वार्थ है क्योंकि आमजनों को ऐसे पियक्कडो से कोई सहानुभूति नहीं है जैसा कि इन्हें है । श्री शर्मा ने आगे कहा है कि गांधी जी के नाम का माला जपने वाले कांग्रेस व रामराज्य का नारा लगाने वाली भाजपा का इस चुनाव में शराबबंदी का चुनावी शिगूफा भी न छोड़ना न केवल आश्चर्यजनक है वरन् भविष्य के लिये आमजनों को अप्रिय स्थिति के लिये आगाह भी कर रहा है । बिहार में शराबबंदी का चुनावी वादा कर उसे पूरा करने व लगातार झंझावतों के बाद भी अपने सरकार की कीमत पर भी न डिगने वाले मुख्यमंत्री नितीश कुमार को साधुवाद देते हुये उन्होंने कहा है कि हर मुख्यमंत्री नितीश कुमार नहीं हो सकता ।

## ग्राम कलेपाल और चांदामेटा गांव में होगा पहली बार मतदान

**जगदलपुर, 6 नवम्बर ।** जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र कहे जाने वाले इलाके में मतदान करवाना एक चुनौती है पर इस चुनौती को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में मतदान दलों के कर्मियों के उत्साह और विश्वास से मतदान करवाने के लिए दलों को रवाना किया गया। जिले के जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चांदामेटा और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कलेपाल में पहली बार मतदान उसी गांव में किया जाएगा। मतदान सामग्री के वितरण के दौरान कलेक्टर श्री विजय ने दोनों मतदान केन्द्रों के कर्मियों को मिलकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने दोनों जगहों दलों को विशेष शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। मतदान दल भी दोनों मतदान केंद्रों में मतदान करवाने के लिए उत्साहित है। इस अवसर पर चित्रकोट विधानसभा के प्रेक्षक श्री सुदेश कुमार मोखटा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, रिटर्निंग अधिकारी श्री भरत कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि ग्राम कलेपाल के मतदान केंद्र में 415 मतदाता है जिसमें 219 महिला,196 पुरुष मतदाता है। इससे पहले ग्राम कलेपाल के मतदाता बीसपुर जाकर मतदान करते थे। इसी प्रकार ग्राम चांदामेटा में 337 मतदाता है जो पहले छिंदगुर के मतदान केंद्र में मतदान करते थे।

## सरकार बनने के बाद होगी किसानों की कर्जमाफी-विनोद

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि 2018 की तर्ज पर 2023 में भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों की कर्जमाफी होगी। इसे कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है।संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने आज रविवार को कांग्रेस द्वारा घोषणा पत्र जारी होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता के सुझावों को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। 2018 की तर्ज पर 2023 में भी सरकार बनने के बाद किसानों की कर्ज माफी होगी। किसानों की बेहतरी के लिए समर्थन मूल्य 3200 रूपए मिलेगा।

## एक नजर

### जनरल आब्जर्वर ने किया बिलाईगढ़ विस के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण




**बलौदाबाजार, 6 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिलाईगढ़ विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार ने बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र सोनाखान सहित 13 मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया, जो कसडोल क्षेत्र में स्थित हैं। जनरल आब्जर्वर पवन कुमार ने बिलाईगढ़ के बेलटिकरी, पीपरडुला, चुरेला आदि मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और रिटर्निंग अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

### नियोजित व्यक्ति एवं श्रमिकों के लिए मतदान तिथि को अवकाश घोषित

**बलौदाबाजार, 6 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्थित कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम एवं किसी अन्य स्थापना में निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान तिथि मंगलवार 7 नवम्बर 2023 एवं शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान तिथि के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित करने तथा ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, वहां काम करने वाले श्रमिकों को बारी- बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।

### 7 से 30 नवंबर तक एग्जिट पोल आयोजन व प्रसारण पर प्रतिबंध

**बलौदाबाजार, 6 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 नवम्बर 2023 पूर्वान्ह 7:00 बजे से 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6:30 बजे तक की अवधि के दौरान एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी तरीके से प्रचार करने पर प्रतिबंध रहेगा। इस सम्बंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (क) की उपधारा( 1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त धारा की उपधारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत रखते हुए साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचनों के संदर्भ में किसी भी एक्जिट पोल का अय्योजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम की प्रकाशन करने या प्रचार करने पर प्रतिबंध होगा। इसके साथ ही अधिनियम 126( 1) (ख) के अधीन संबंधित मतदान क्षेत्रो में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटो के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामो सहित किसी भी निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### कटघोरा विस क्षेत्र के सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रवेश

**कोरबा, 6 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के कटघोरा विधानसभा प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल का लगातार चुनावी दौरा चल रहा है। इसी क्रम में भाजपा प्रत्याशी श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं एवं अपने समर्थकों के साथ ग्राम पंचायत खम्हरिया में जनसंपर्क कर सभाएं ली एवं जनता को संबोधित किया। सभा के दौरान सैकड़ो कांग्रेसी महिलाओं एवं पुरुष कार्यकर्ता भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित हो कर प्रेमचंद पटेल के समर्थन में भाजपा का दामन थाम लिया। जिसमे राजकुमार कश्यप, संतोष पटेल, नंदकुमार पटेल, श्याम लाल यादव, रामलाल कुर्रे, मनोज कश्यप, ज्योति कश्यप एवं श्याम लाल कश्यप के नेतृत्व में भाजपा की नीति-रीति से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया, भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल ने सभी को भगवा गमछा धारण कर भाजपा प्रवेश करवाया।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विजेताओं को नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

- लाखों रुपये रोककर बैठे जिला के जिम्मेदार अधिकारी
- क्या दीपावली पूर्व इन्हे विजेता बनने की खुशी मिलेगी?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 6 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ी खेलों को बढ़ावा देने व हर आयु वर्ग के ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को उभारने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।तीन आयु वर्ग 6-18, 18-40 एवं 40 वर्ष से अधिक के लिए महिला पुरुष वर्ग में 16 प्रकार के खेलों को इसमें शामिल किया गया।पंचायत, जोन, विकास खंड, जिला, संभाग एवं राज्य ये छः स्तर की प्रतियोगिता आयोजित थी।

राज्य शासन द्वारा विकासखंड, स्तर से राज्य स्तर तक के विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है।ग्राम पंचायत स्तर से 17 जुलाई हरेली त्यौहार के दिन से शुरु होकर राज्य स्तर की प्रतियोगिता 25-27 सितंबर को रायपुर के विभिन्न खेल मैदान पर सम्पन्न हुआ जिसमें पांचों संभाग के विजेता खिलाड़ी शामिल हुए। नगरीय निकाय जोन, विकासखंड एवं जिला स्तर के प्रतियोगिताओं को सम्पन्न हुए दो माह से अधिक समय बीत चुके है लेकिन इन प्रतियोगिता के विजेताओं को आज पर्यन्त प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही हुआ जबकि एक माह पूर्व सम्पन्न हुए राज्य स्तरीय विजेताओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान संबंधित अधिकारियों द्वारा कर दिया गया।विदित हो कि विकासखंड, जिला एवं संभाग स्तरीय खेल के राशि को भुगतान का अधिकार जिला पंचायत के अधिकारी को एवं नगरपालिका गरियाबंद के अधिकारी को है यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के संबंधित अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022-23 के प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है।कितने खिलाड़ियों का भुगतान लंबित है जिनका भुगतान नहीं किया गया उसकी जानकारी जनपद या नगरीय निकाय को नहीं दिया गया।

कई खिलाड़ियों का सरनेम गलत लिखा है उसे त्रुटि सुधार कर भुगतान किया जाना है किन्तु जिन खिलाड़ियों के खातों मे भुगतान नहीं हो रहा है उसका जिला पंचायत के संबंधित अधिकारी द्वारा सूची उपलब्ध नहीं कराई गई।लाखो रुपये का भुगतान दबा कर अधिकारी मूक बधिर बनकर बैठै हैं जब राज्य स्तर की राशि का भुगतान हो गया तो निचले स्तर पर अधिकारी क्यों रोक रखे है क्या दीपावली पूर्व इन्हे विजेता बनने की खुशी मिलेगी।

भाजपा की जनसभा में असम के मुख्यमंत्री ने कहा,कांग्रेस ने पिछला वादा तो पूरा किया नहीं आगे क्या करेगी

# भाजपा का घोषणा पत्र मोदी की गारंटी : हिमंता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 6 नवम्बर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा आज भाटापारा पहुंचे और भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा के पक्ष में प्रचार करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने भाजपा को प्रदेश में 60 सीटों पर जीत मिलने का दावा किया।

छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या पर सीएम सरमा ने कहा कि नक्सली व कांग्रेस के बीच लगता है ईलु ईलु आई लव यू है, इस कारण नक्सलियों का उन्मूलन नहीं हो पा रहा. भाजपा की घोषणा पत्र पर उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र पर मोदी की गारंटी है. आज पूरा विश्व उनका लोहा मानता है. वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर कहा कि पिछला वादा तो पूरा किया नहीं, आगे क्या करेंगे।

उन्होंने कहा, बघेल हर बार नाटक करते हैं और उन्होंने सनातन धर्म को कमजोर करने के लिए धर्म परिवर्तन का एक बड़ा बाजार खोला है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शर्मा ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आखिरकार (अयोध्या में) राम मंदिर का निर्माण कराया।

उन्होंने सवाल किया, कांग्रेस ने इसका निर्माण क्यों नहीं कराया। केंद्र में कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने राम मंदिर क्यों नहीं बनाया और प्रधानमंत्री मोदी का इंतजार क्यों किया। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस की भगवान राम के प्रति कोई भक्ति नहीं है।

सरमा ने कहा, मैंने पिछले 3-4 वर्षों में कभी किसी कांग्रेस नेता को राम मंदिर जाते नहीं देखा। राहुल गांधी चुनाव के दौरान मंदिर जाते हैं लेकिन राम मंदिर (अयोध्या में) नहीं जाते।

उन्होंने किसानों की कर्जमाफी के वादे को लेकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में भी यही वादा किया था, लेकिन इसे पूरी तरह से पूरा नहीं किया, प्रदेश में किसानों को कर्ज क्यों लेना पड़ा, क्योंकि उनके बच्चों के पास नौकरी नहीं है। बघेल सरकार को रोजगार सृजन के लिए काम करना चाहिए था।

असम के मुख्यमंत्री ने आगे कहा, हमें सोचना चाहिए कि कांग्रेस ने पांच साल में क्या दिया। क्या उन्होंने (बघेल) पांच साल में कोई विश्वविद्यालय खोला? असम में हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। राज्य में (छत्तीसगढ़ में) कोई बुनियादी परिवर्तन नहीं हुआ है।

सरमा ने कहा, हमें एक बार सोचना होगा कि आखिर भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को किस स्थिति में धकेल दिया है। राज्य में धर्म परिवर्तन हो रहा है। राज्य के हर हिस्से में आदिवासियों का धर्मांतरण कराने की साजिश चल रही है। सनातन पर हमला किया जा रहा है.

सीएम हिमंत ने कहा, भूपेश बघेल का हिसाब तो महादेव करेंगे, जिन्होंने महादेव एप के माध्यम से घोटाला किया है. सभा से पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के भाटापारा पहुंचने पर विधायक शिवरतन शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. वहीं मुख्यमंत्री के सामने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य दलों के लोगों ने भाजपा का दामन थामा, जिसका मुख्यमंत्री हिमन्त विश्व शर्मा ने भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### 18 लीटर शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 6 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 875/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया मामला इस प्रकार है कि 4 नवम्बर को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी ईश्वर बंजारे पिता रोशन लाल बंजारे साकिन वार्ड क्रमांक 7 सतनाम चौक पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से अवैध शराब एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी मे अंग्रेजी शराब च्वाईस व्हीस्की 16 नग पाव प्रत्येक मे 180द्वद्य भरी शील बंद मात्रा 2.280 द्वद्य किमती 2080/रूपये 02. 36 नग पाव देशी मदिरा मसाला शराब प्रत्यके मे 180द्वद्य भरी शील बंद मात्रा 6.480द्वद्य किमती 3960/रूपये 03. एक जूट के थैला मे 15 नग बियर बॉटल शील बंद प्रत्येक मे 650 द्वद्य भरी मात्रा 9.750 द्वद्य किमती 3300/रूपये कुल मात्रा 18.510 बल्क लीटर जुमला किमती 9340/रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है उपरोक्त कार्यवाही में हथबन से निरीक्षक अजय झा आर. 338 भुवन वर्मा, 377 धमेंद्र यादव, 887 नंदकिशोर वर्मा, 610 रूपेश चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।




### जोगी कांग्रेस प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने किया डोंगरगढ़ में जनसंपर्क



**बलौदाबाजार, 6 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जोगी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने अपनी चुनावी तैयारी को गति देते हुए डोंगरगढ़ नगरीय क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होनें डोर टू डोर दस्तक दी और लोगों से हाथ जोडक़र प्रदेश के विकास तथा अमन चैन के लिए जोगी कांग्रेस को जिताने की अपील की। आज अपने जनसंपर्क की शुरूआत प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने डोंगरगढ़ के शीतला मंदिर तथा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना से की। पश्चात् उन्होनें मतदाताओं के घरों में दस्तक दी और जोगी कांग्रेस के लिए मत और समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होनें कुछ स्थानों पर नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया। आज श्री भारती ने जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के साथ आदर्श नगर से कुम्हार पारा, ठेठवार पारा, ब्राम्हण पारा, खूंटा पारा, कालका पारा, क़र्बला चौक, होते हुए इंदिरा नगर में घर घर दस्तक दी। डोर टू डोर जनसंपर्क के दौरान अनेक नगरवासियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उन्होनें सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि हमने पिछले पांच वर्षों में विपक्ष में रहते हुए भी जन समस्याओं को लेकर अनेक आंदोलन किया है। साथ ही इसके लिए सडक़ों की लड़ाई भी लड़ी है। भारती ने कहा की डोंगरगढ़ में जनसमस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जब यह एक नगर की दुर्दशा है, तो शेष प्रदेश में व्याप्त अव्यवस्था, दुरावस्था और जनसमस्याओं की तो कल्पना ही नहीं की जा सकती।

## एक दर्जन से अधिक संवेदनशील मतदान केंद्रों का सामान्य प्रेक्षक ने लिया जायजा

### तैयारी पूरी कर सुधार के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 नवम्बर।** कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड ने पलारी तहसील अंतर्गत एक दर्जन से अधिक दर्जन से अधिक संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर उनका जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 234, 235 शा.पूर्व मा. शाला भवन रसौटा, 257, 258, 259 वीर शहीद युगल किशोर वर्मा शा.प्रा.शा.पलारी, 260, 261, 262, शास. पूर्व मा.कन्या शाला पलारी, 263, 264, 265 स्वामी आत्मानंद उ.अंग्रेजी मा.वि.पलारी 358 शास.प्रा.शाला हरिनभट्ठा 359 शास. पर्व मा.शाला हरिनभट्ठा, 360, 362 शास. प्रा. शाला भवन तेलासी एवं 361 शास. पूर्व मा.शाला तेलासी का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो मतदान केंद्रों में इसका विशेष ध्यान रखे। डॉ.भारूड ने लाइव वेबकास्टिंग के संबध में हो तैयारियों को परखा। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों के दिवाल में विशेष सूचना पटल में लेखन के कार्य को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर उन्होंने आम ग्रामीण से मुलाकात कर चुनाव संबधित समान्य जानकारी हासिल की।निरीक्षण के दौरान संबधित क्षेत्र के तहसीलदार, लायजिनिग अधिकारी सहित राजस्व, पंचायत एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# हाथियों ने दो मकानों को किया ध्वस्त

**कोरबा, 6 नवंबर।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा। एक बार फिर झुंड से अलग हुए हाथियों ने गांव में घुसकर भारी उत्पात मचाया। हाथियों ने दो मकानों को ध्वस्त कर तीन मवेशियों को मौत के घाट उतारा है। मकान में रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। घटना से सहमे ग्रामीणों ने जैसे तैसे रात गुजारी। घटना कटघोरा वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र के ग्राम हरदेवा की है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में 48 हाथियों का झुंड बीते कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। इस दल में से 30 हाथी अलग हुए और रात्रि लगभग 11 बजे हरदेवा गांव में जा पहुंचे। जहां हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने यहां रहने वाले वीर सिंह के घर को तोड़ दिया। घर के बाहर बंधे तीन मवेशियों को भी हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मृत मवेशियों में एक बैल व दो बछड़े शामिल है। इसके बाद भी हाथियों का उत्पात थमा नहीं । हाथियों ने सहदेव के मकान को ध्वस्त करते हुए वहां रखे चावल व अन्य खाद्य सामग्री को चट कर दिया। हाथियों का झुंड उत्पात मचाने के बाद जंगल की ओर कुच कर गया। हाथियों के उत्पात की खबर पर वन अमला मौके पर पहुंचा। हाथियों की निगरानी की जा रही है। बताया जा रहा है कि 18 हाथी सेमहरा और गाड़ा गोड़ा के बीच जंगल में विचरण कर रहे है। केंदई रेंज में सूरजपुर जिले से आए 11 हाथी लौट चुके है। हाथियों ने अचानक गांव में घुसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। रात 11 बजे ग्रामीण अपने-अपने घरों में सो चुके थे। अचानक मकान ध्वस्त किए जाने के बाद उनकी नींद खुली। किसी तरह भाग कर उन्होंने जान बचाई। नहीं तो बड़ी जनहानि हो सकती थी।

वरिष्ठ भाजपा नेता व डोंगरगढ़ विस के चुनाव संचालक खूबचंद ने प्रत्याशी के समर्थन में निकाली रैली

# कांग्रेस का यह घोषणा पत्र नहीं ठगी पत्र है : पारख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 6 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं डोंगरगढ़ विधानसभा के चुनाव संचालक खूबचंद पारख ने कहा कि इस बार प्रदेश का पूरा माहौल भाजपामय हो चुका है, आज प्रदेश के समझदार नागरिक 5 वर्षों की कांग्रेस सरकार के चाल, चलन और चरित्र को देखकर भाजपा और कांग्रेस के फर्क को समझ चुके हैं, और श्री पारख ने कहा कि कांग्रेस के शासन में सभी वर्गों को छला गया। 5 साल में लोगों ने छलावा एवं फरेब तथा धोखा देखा, सभी वर्गों के साथ-साथ वृद्धा पेंशन के नाम से बुजुर्गों को भी नहीं छोड़ा गया,और तो और गोबर के नाम से भी भारी घोटाला किया गया तथा युवाओं के भविष्य पीएससी जैसे गंभीर परीक्षाओं में भी सेटिंग की गई, आज जारी कांग्रेस के घोषणा पत्र पर खूबचद पारख़ ने कांग्रेस पर व्यंग्य यह बीजेपी का नकल मारकर बनाया दो पेज के घोषणा में सिर्फ और सिर्फ भाजपा की नकल करके घोषणा पत्र को बनाया गया है। श्री पारख ने कहा की भाजपा की घोषणा पत्र के जारी होते ही मोदी जी के गारंटी के नाम से सभी वर्गों में सुकून आ चुका है, और सभी भाजपा के पक्ष में लामबंद हो चुके हैं। पिछले घोषणा पत्र की 70 फीसदी से भी अधिक घोषणाओं को कांग्रेस ने पूरी नहीं की है। यहां तक की उसकी चर्चा भी नहीं की है। कांग्रेस अपने वादे से हमेशा मुकरती रही और कहती रही कि हमने तो ऐसा कोई वादा किया ही नहीं है। ऐसे लोगों का कोई भरोसा नहीं है। पिछली बार महतारी सम्मान राशि 500 रूपए देंगे कहा था, लेकिन किसी को दिया नहीं। अब तो महिलाओं के लिए कुछ भी व्यवस्था कांग्रेस की घोषणा पत्र में नहीं है। भारतीय जनता पार्टी 12000 रूपए महिलाओं को हर वर्ष देगी और अपने 5 साल के कार्यकाल में पूरे 60000 रूपए प्रदेश की महिलाओं को भाजपा देने वाली है। भाजपा 500 रूपए में प्रदेश की महिलाओं को सिलेंडर देने वाली है। पिछली बार प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा करने वालों के मुंह में अब ताला लगा हुआ है।


**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग**

रा.प्र.क्रं. .............
अ-6/23-24

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक/आवेदिका अमियकांत तिवारी पिता यशवन्त कुमार निवासी ग्राम तिफरा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 92/89 रकबा 0.0380 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार यशवन्त कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 21/12/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

**जारी दिनांक:- 13/10/23**
**सुनवाई दिनांक:- 21/12/23**

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग**

रा.प्र.क्रं./ /अ-6/वर्ष 2023-24

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुनील अग्रवाल पिता रेखचंद अग्रवाल निवासी ग्राम दीपक नगर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1347/2 रकबा 2268 वर्गफीट हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता रेखचंद अग्रवाल के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 14/08/2014 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 13/11/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/10/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक:- 17/10/23**
**सुनवाई दिनांक:- 13/11/23**

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग**

रा.प्र.क्रं./ /अ-6/वर्ष 20

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका सुनील अग्रवाल पिता/पति स्व. रेखचंद अग्रवाल निवासी ग्राम दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 288/433 का टु. रकबा 2148 वर्गफीट हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता रेखचंद अग्रवाल के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 14/08/2014 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 6/11/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/10/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक:- 17/10/23**
**सुनवाई दिनांक:- 6/11/23**

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

# महिला मतदाता होंगी गेमचेंजर

## पिछले निर्वाचन की अपेक्षा इस बार और बढ़ी महिला मतदाताओं की संख्या

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 6 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2018 में मतदाताओं की संख्या एक करोड़ 85 लाख थी जो कि अब 2023 में अंतिम प्रकाशन तक 2 करोड़ तीन लाख 60 हजार पहुंच गई है। इनमें एक करोड़ एक लाख पुरुष तथा एक करोड़ दो लाख 29 हजार महिला मतदाता हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर रैली निकाली जा रही है। स्वीप प्लान के तहत यहां पर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार निर्वाचन नामावली को अंतिम रूप दे दिया गया है। अंतिम प्रकाशन की स्थिति में कुल मतदाता दो करोड़ तीन लाख हैं। प्रदेश में सेवा मतदाताओं की संख्या 19 हजार 839 है। इस तरह सेवा निर्वाचकों को मिलाकर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या दो करोड़ तीन लाख 80 हजार है। राज्य में इलेक्ट्रॉल पाप्यूलेशन रेशियो 67.02 है। चिन्हांकित दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1,60,955 है। जबकि तृतीय लिंग के कुल मतदाता 790 हैं। प्रदेश में कुल 17 प्रवासी भारतीय मतदाता पंजीकृत है। कुल मतदाताओं में 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 7,23,751 है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार राज्य में 100 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं की संख्या 2,462 है। जबकि 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1,60,000 है। रायपुर जिले में आज मतदान केंद्रों में विद्युत, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों ने दौरा किया है। दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। छत्तीसगढ़ निर्वाचन 2023 में महिला मतदाता ही गेमचेंजर साबित होंगी। छत्तीसगढ़ की महिलाएं बढ़ते शराब के व्यवसाय तथा इसके दुष्प्रभाव से काफी परेशान हैं।

जागरूकता रैली...



रायपुर 6 नवंबर। खालसा स्कूल के विद्यार्थियों ने आज मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

## एक नजर

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 5 नवंबर।** ममता अस्पताल के गेट के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पिंगलेश कुमार साहू 32 वर्ष महादेव घाट रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलडब्लू 9683 को दुबे कालोनी स्थित ममता अस्पताल के गेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 5 नवंबर।** गायत्री किराना दुकान के पास गोगांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लुकेन्द्र परगनिया 27 वर्ष प्रितमनगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी दिपक मलिक ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर बेल्ट से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### माजदा वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 5 नवंबर।** सारागांव एबीसी स्कूल के सामने माजदा वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नीरेन्द्र कुमार टंडन 20 वर्ष ग्राम कुसमुंदा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। तभी सारागांव एबीसी स्कूल के सामने माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमसी 7291 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में नीरेन्द्र कुमार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 11 गिरफ्तार

**रायपुर, 5 नवंबर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने दलदल सिवनी नाला के पास सरेआम शराब पीते आरोपी तेजराम पटेल 28 वर्ष, संतोष कुमार साहू 34 वर्ष व अभिषेक श्रीवास्तव 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने आरोपी अब्दुल आजम 27 वर्ष, शेख असरफ 24 वर्ष व शेख नवाज 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी विरेंद्र साहू 36 वर्ष, दिलेश्वर बाग 25 वर्ष व गोपी जाल 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी विनोद गेंडे 30 वर्ष एवं नेवरा पुलिस ने आरोपी प्रहलाद वर्मा 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 5 नवंबर।** उरला पुलिस ने अछोली में दबिश देकर 14 पाव देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम भागवत यदू 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 14 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है।

### सर्द हवा से बढ़ने लगी ठिठुरन

**रायपुर, 5 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम के मिजाज में बदलाव दर्ज किया जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदली-बारिश के बाद मौसम फिर से खुल गया है और सर्द हवाओं ने एक बार फिर से ठिठुराना शुरू कर दिया है। मौसम के मिजाज फिर से बदलने के कारण ठंड में बढ़ोतरी होने वाली है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर से ठंडी हवाएं आनी शुरू हो गई है, इसके चलते अब आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा, इससे ठंड और ज्यादा बढ़ेगी। कुछ दिनों पहले राजधानी रायपुर के अलावा सारंगढ़, गरियाबंद, कोंडागांव, बस्तर के इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। इसके साथ ही दोपहर बाद कुछ क्षेत्रों में हल्की बुंदाबांदी भी हुई।

### युवक से मिले लाखों के जेवरात

**रायपुर, 6 नवंबर।** विधानसभा चुनाव के पहले पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान आरपीएफ बिलासपुर की टीम ने एक युवक के कब्जे से 290 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किया है। पकड़े गए युवक का नाम सुमित कुमार बालचा, पिता-अनिल कुमार बालचा, 33 वर्ष, निवासी-वार्ड 14 बोदरी, थाना-चकरबता, जिला-बिलासपुर बताया गया। युवक के कब्जे से 290 ग्राम सोना तथा 15,966 किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किया गया है। जब्त सोने के जेवरात की कीमत 1 लाख 508 हजार 847 रुपये है। वहीं चांदी के आभूषणों की कीमत 9,015,450 रुपये बताई जा रही है।

# जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्राथमिकता: मिश्रा

**रायपुर 6 नवंबर।** रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा ने भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ भाजपा मंडल जवाहर नगर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान जहां-जहां श्री मिश्रा का काफिला पहुंचा, वहां-वहां पर स्थानीय लोगों ने अपने नेता का अभिनंदन किया। भाजपा मंडल जवाहर नगर क्षेत्र की जनता के स्नेह से प्रसन्न श्री पुरंदर मिश्रा ने कहा, मुझ पर विश्वास कीजिए, आप लोगों के माध्यम से सेवा का अवसर मिलने पर पूरे उत्तर विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। शहर में बढ़ते अपराध और नशाखोरी की रोकथाम कर यहां की जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। दौरा और जनसंपर्क के दौरान श्री मिश्रा और उनका काफिला सबसे पहले सुबह लगभग 8 बजे तात्यापारा स्थित जवाहर नगर मंडल कार्यालय पहुंचा। यहां स्थानीय लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर श्री मिश्रा का स्वागत किया। इसके बाद यह कारवां झंडा चौक होते हुए बंगाल स्वीट, संतोषी मंदिर के पास पहुंचा, जहां पर जनसभा आयोजित की गई। सभा में पुरंदर मिश्रा ने वार्ड के लोगों को संबोधित करते हुए कहा- भाजपा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए एक-एक वायदे को पूरा करेगी।

# द्वितीय चरण के लिए प्रचार यद्ध स्तर पर

## भाजपा-कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की आमसभा

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 6 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण के लिए मतदान 17 नवम्बर को है जिसके लिए अभी भी राष्ट्रीय नेताओं का आना जारी है। भुवनेश्वर से भाजपा सांसद अपराजिता, केंद्रीय मंत्री रामेश्वर गिरी तथा छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर पहुंच गए हैं।

भाजपा स्वागत समिति के प्रमुख के अनुसार द्वितीय चरण के तहत 70 विस क्षेत्रों में मतदान होगा। इसके लिए चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी आगामी दिनों में चुनाव सभाएं लेंगे। भाजपा ने भी अपने कई केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव प्रचार में उतार दिया है। इस समय दोनों दलों के प्रत्याशी घर-घर दस्तक दे रहे हैं। रायुपर जिले के अंतर्गत आने वाले सात विस क्षेत्रों में चुनाव प्रचार युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां पर प्रत्याशियों के परिजन भी घर-घर चुनावी दस्तक दे रहे हैं।

### पुलिस की सघन गश्त

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार केंद्रीय पुलिस बलों को अब अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय कर दिया गया है। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सीआरपीएफ के जवानों ने आमापारा, समता कालोनी, मंगल बाजार तथा रामकुंड में सघन गशत किया। पुलिस बल को अन्य स्थानों पर भी भेजा गया है। आज जिला कार्यालय द्वारा स्वीप प्लान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया गया है। क्रिकेट मैच, कार रैली का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान दलों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था का जायजा लिया है। इधर चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी अपनी ड्यूटी कटवाने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

### उम्मीदवार गली-मोहल्लों से ज्यादा सोशल मीडिया में झोंक रहे ताकत

**रायपुर, 6 नवंबर ।** विधानसभा चुनाव लड़ने वाले नेता डिजीटल वार में भी आगे हैं. भले गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में लोगों से मेल-मुलाकात न करें, लेकिन अलग-अलग सोशल मीडिया में ज्यादा सक्रिय हैं. इसमें पल-पल की जानकारी, वीडियो, रील्स, रैली आदि को अपडेट कर रहे हैं. इसके लिए सोशल मीडिया हैंडलर भी लगा रखे हैं, जो उनके लिए प्रोफेशनल ढंग से फोटो, वीडियो और रील्स बना रहे हैं. इसके बाद इन्हें सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है. इसके जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश में लगे हैं. कुछ उम्मीदवारों ने अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख समाज और वर्गों का सोशल मीडिया ग्रुप भी बना रखा है. इसमें अपने पक्ष में समर्थन की मांग कर रहे हैं. फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया में रील्स की डिमांड ज्यादा रहती है. इसे ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दल के कई नेता रील्स और वीडियो पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ी और हिंदी गानों के साथ इसे वाइस ओवर करके प्रचारित किया जा रहा है.

# मतदाता जागरूकता के लिए विप्र कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता

**रायपुर 6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में अनिवार्य मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं के साथ-साथ छात्रों ने भी प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार मनाने के लिए प्रोत्साहित करते विभिन्न कलाकृति के माध्यम से विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विप्र कॉलेज में रैली एवं अन्य प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अनिवार्य मतदान के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें अपने परिवार, समाज एवं घर के आसपास समस्त नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशित भी किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में सभी ने मतदान करने का संकल्प लिया।




# शहर के बाजारों में दीपावली का उत्साह

**रायपुर, 6 नवंबर ।** दीपावली पर्व को लेकर राजधानी रायपुर के बाजारों में जोरदार रौनक देखी जा रही है। शहर के मालवीय रोड, चिकनी मंदिर, बंजारी रोड, गोलबाजार, शास्त्रीबाजार, पंडरी, सदरबाजार जैसे प्रमुख बाजारों में जमकर त्योहारी ग्राहकी हो रही है। इसके चलते व्यापारी वर्ग भी खुश है।

दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक करीब एक सप्ताह पूर्व ही शुरू हो गई थी। दीपोत्सव के लिए अब बाजार और व्यापार जोर पकड़ चुका है। सुबह से लेकर देर रात तक उमड़ रही ग्राहकों की भीड़ से बाजार में भी रौनक छा गई है। शहर के सदरबाजार, मालवीय रोड में देर रात तक चहल-पहल बनी हुई है। शहर के रेडिमेट कपड़ों के शो रूम सुबह से ही ग्राहकों के आने से गुलजार बना हुआ है। इसी तरह धनतेरस के लिए भी लोग एडवांस में जेवर आदि बुक करा रहे हैं। शहर के ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी ग्राहकों की अच्छी एप्रोच देखी जा रही है। शहर के अधिकांश ऑटो डीलरों के यहां धनतेरस के लिए एडवांस बुकिंग हो चुकी है।



### मृणालिका ओझा को कवि लोक निबंध रत्न सम्मान

**रायपुर 6 नवंबर।** डॉ. मृणालिका ओझा को उनकी पुस्तक लोक साहित्य में जीवन मूल्य पर बुधवारी बाजार, बिलासपुर स्थित नॉर्थ-ईस्ट इन्स्टीट्यूट में कवि लोक साहित्य परिषद् द्वारा रविवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में स्व. एन. जी. बरिहा की स्मृति में स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, शाल एवं श्रीफल प्रदान कर कवि लोक निबंध रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिवाकर मुक्तिबोध थे एवं अध्यक्षता एस. पी. द्विवेदी ने की। श्री मीर अली मीर, सतीश जायसवाल, परदेशी राम वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सुजश कुमार शर्मा के संयोजन में संपन्न उक्त कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में एकाधिक विधाओं के अनेक साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

# पति के लिए सुबह से रात तक घूम रही संजना

**रायपुर 6 नवंबर।** कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के लिए पत्नी संजना उपाध्याय सुबह से रात तक जनसंपर्क और बैठक कर रही हैं जिसमें उन्हें लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सुबह आठ बजे से शुरू होने वाला जनसंपर्क रात तक जारी रहता है। रविवार को जनवंदन यात्रा के लिए श्रीमती उपाध्याय ने कन्हैया लाल बाजारी वार्ड, मारूति एन्क्लेव, अर्जुन विहार पहुँची। उन्होंने महंत तालाब कोटा, हीरापुर, कुकुरबेड़ा, परमानंद नगर, मोहबा बाजार में महिलाओं की बैठक ली।



जनवंदन यात्रा के दौरान संजना उपाध्याय को आचार बनाकर जीवन-यापन करने वाली बुजुर्ग महिला ने आशीर्वाद के रूप में शगुन स्वरूप 51 रूपये की राशि भेंट की। बुजुर्ग महिला ने कहा कि बेटे और बहू को पूरा आशीर्वाद है, इसी तरह कोटा में बैठक के लिए महिलाओं ने पूरा घर सजाया था। श्रीमती उपाध्याय ने कहा कि विधायक विकास उपाध्याय पाँच साल तक जिस तरह लोगों के सुख-दुःख में खड़े रहे, उसे आज जनता याद कर रही है, उनका कहना है कि विकास ही हमारा बेटा है और सबकुछ वही है उसके अलावा कोई नहीं। श्रीमती उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ियों से चर्चा करके बनाया जाता है, उनकी मूलभूत जरूरतों और उनके उत्थान का खास ध्यान सरकार रखती है।

# कांग्रेस जात-पात की ही राजनीति करती है: तेली

**रायपुर 6 नवंबर।** भाजपा के पक्ष में प्रचार करने के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने कांग्रेस की जातिगत जनगणना की घोषणा पत्र पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसी तरह से जात-पात ही करती है, लेकिन हमारी पार्टी की घोषणा पत्र में जो कहा गया उसे मैं दोहराना चाहता हूं, जो हमने कहा है कि उसे हम पूरा करेंगे. महादेव सट्टा एप को लेकर मीडिया में चल रहे वायरल वीडियो पर केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने कहा कि यहां सट्टा तो नहीं होना चाहिए. पार्टी की तरफ से बयान आया तो मेरा बोलना उचित नहीं है. हां, मुख्यमंत्री अगर इसमे इंवॉल्व हैं, तो उन पर कार्रवाई होना चाहिए. छत्तीसगढ़ की तरह अन्य 5 राज्यों में भी 21 क्विंटल धान खरीदने के सवाल पर रामेश्वर तेली ने कहा कि हर जगह के अपने-अपने इश्यू होते हैं. छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, तो यहां धान के बारे मे हैं. मैं तो असम से हूँ, वहां चाय के बागान है, तो वहां चाय के बारे में बात होगी. हर जगह अपने-अपने इश्यू हैं. विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने मीडिया से चर्चा में बताया कि दो विधानसभाओं में जाऊंगा. दो रोड शो भी करेंगे और दो बड़े जनसभा करेंगे. पूरा विश्वास है इस बार छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनेगी. यह नहीं कह सकता कि कितनी सीट हमें मिलेंगी, लेकिन बीजेपी की सरकार बनेगी डबल इंजन की सरकार बनेगी.







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23